ठाणे - मुंबई से प्रकाशित

शनिवार, 21 जून 2025

वर्ष - 18, अंक-185

मुल्य-2, पृष्ठ-8

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

www.tarunmitra.in

संपादक- स्वतंत्र कुमार

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

e-mail-tarun.thana@gmail.com

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार से प्रकाशित




# महाराष्ट्र में भारी बारिश, नासिक में घरों-दुकानों में पानी भरा

### बिहार के गयाजी में 18 लोगों का फाल्गु नदी से रेस्क्यू, 2 की मौत

तरुणमित्र, मुम्बई

मानसून ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश,उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में एंट्री कर ली। यूपी में भी मानसून और आगे बढ़ा है। भारी बारिश के चलते गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां उफान पर आ गई हैं। अमरेली में भारी बारिश से नदियों का पानी खेतों में जा घुसा। इससे फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। महाराष्ट्र के नासिक में भारी बारिश से गोदावरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे नदी किनारे के निचले इलाकों के घर-दुकानों में पानी घुस गया। मध्यप्रदेश के श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर आ गई, जिससे करीब 20 गांवों का संपर्क टूट गया। मौसम विभाग ने आज पूर्वी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्य महाराष्ट्र, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### महाराष्ट्र में नदियां खतरे के निशान से ऊपर, रायगढ़ में आज स्कूल-कॉलेज बंद

मौसम विभाग ने गुरुवार रात महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया, क्योंकि राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। इसके चलते कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। रायगढ़ में अंबा और कुंडलिका नदियां खतरे के निशान को पार कर गई हैं। वहीं, पातालगंगा नदी के लिए भी चेतावनी जारी की गई है।



### अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम...

**21 जून**ः पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण-गोवा, पूर्वी राजस्थान, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, असम, मेघालय, कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी है।

**22 जून**ः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। जबकि मध्य महाराष्ट्र, कोंकण-गोवा, पूर्वी राजस्थान, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बंगाल, सिक्किम, केरल, मध्य प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी है।

रत्नागिरी में जगबूदी नदी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। एहतियात के तौर पर रायगढ़ जिले में सभी स्कूल और कॉलेज आज के लिए बंद कर दिए गए हैं।

पश्चिमी महाराष्ट्र में इंद्रायणी और कुछ दूसरी नदियों में बाढ़ आ गई है। नासिक में गोदावरी नदी भारी बारिश के कारण उफान पर है। यहां कई मंदिर गोदावरी के पानी में डूब गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीआरआई ने मुंबई में बरामद की 5 करोड़ की ड्रग, नाइजीरियन महिला समेत दो गिरफ्तार

**मुंबई** । राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में एक नाइजीरियन महिला सहित दो तस्करों के पास से ५ करोड़ रुपये कीमत के ड्रग बरामद की है। महिला दिल्ली से मुंबई बस से आ रही थी और डीआरआई ने गुरुवार रात को करीब 50 किलोमीटर तक निगरानी करने के बाद गिरफ्तार किया है। इस मामले में आगे की छानबीन डीआरआई की टीम कर रही है। डीआरआई सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार की गई महिला के बारे में गोपनीय जानकारी मिली थी। यह महिला गुरुवार को दिल्ली से मुंबई के लिए बस से रवाना हुई। मुंबई से करीब 50 किलोमीटर पहले से ही डीआरआई की टीम महिला की निगरानी करने लगी थी। जैसे ही महिला मुंबई पहुंची डीआरआई की टीम ने उसे रोका और उसके सामान की तलाशी ली।

### ईरान ने फिर दागीं इजराइल पर मिसाइलें



**तेल अवीव**। ईरान-इजराइल सैन्य संघर्ष आज आठवें दिन में प्रवेश कर गया। इजराइल के शुरू किए गए हवाई हमलों से प्रतिशोध की आग में जल रहा ईरान तबाही मचा रहा है। ईरान ने बैलेस्टिक मिसाइलें दागनी शुरू कर दी हैं। ईरान की एक मिसाइल और बीर्शेबा शहर में टेक पार्क के पास गिरी है। इसके बाद विस्फोट और आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। यह स्थान माइक्रोसॉफ्ट के ऑफिस के पास है।

### हिंदी से नफरत करना ठीक नहीं, जबरदस्ती थोपना भी सही नहीं : शरद पवार

**मुंबई** । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को पुणे में कहा कि हिंदी से नफरत करना हित में नहीं है। इसलिए पालकों को अपने बच्चों को हिंदी पढ़ाना चाहिए। शरद पवार ने पुणे में आज पत्रकारों से कहा कि हिंदी को जबरदस्ती नहीं पढ़ाया जाना चाहिए। हिंदी से नफरत करना छात्रों के हित में नहीं है। छात्रों को इस बारे में फैसला लेना चाहिए। वे अपने माता-पिता के मार्गदर्शन के अनुसार फैसला ले सकते हैं। अगर कोई आकर सीखना चाहता है, तो उसे मना करने का कोई कारण नहीं है। इस मामले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि देश के 55 से 60 फीसदी लोग हिंदी बोलते हैं। सौहार्द बनाए रखने के लिए इस भाषा से नफरत करना सही नहीं है।

# 'पंजा' और 'लालटेन' ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था : प्रधानमंत्री मोदी

## ■ सीवान में कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

एजेंसी, पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार दौर पर पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने सिवान में 6,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जल, बिजली और रेल क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। आज के युवा सिर्फ कहानियों में ही 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सुनते हैं। 'पंजा' और 'लालटेन' ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था, लेकिन बिहार के लोग मुश्किल हालात में भी कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी सीवान के पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव पहुंचे। सीएम नीतीश कुमार के साथ ओपन गाड़ी में सवार पीएम मोदी समर्थकों के बीच से गुजरकर मंच तक पहुंचे। हाथ हिलाकर उन्होंने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया. दोनों



डिप्टी सीएम भी इस दौरान गाड़ी में मौजूद थे। मंच पर पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया गया।

पीएम मोदी शुक्रवार को तय कार्यक्रम के तहत पहले यूपी के कुशीनगर गए। जहां से हेलीकॉप्टर पीएम मोदी को लेकर जसौली में बने हेलीपैड पर उतरा। यहां से सड़क मार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी ने सीवान में जल, रेल और बिजली से जुड़ी हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान राज्य के सीएम नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मंच पर मौजूद थे। पीएम मोदी ने बिहार के सिवान में 6,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जल, बिजली और रेल क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। ये परियोजनाएं नमामि गंगे योजना के अंतर्गत आती हैं, जिनका उद्देश्य राज्य की बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना है। पीएम ने कहा कि यह केवल एक शुरुआत है, और केंद्र सरकार बिहार के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल के विदेश का जिक्र करते हुए कहा कि इस दौर में मेरी दुनिया के बड़े-बड़े देशों के नेताओं से बातचीत हुई है। वे सभी भारत की तेज़ प्रगति को देखकर काफी प्रभावित हुए। सभी मानते हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने जा रहा है। इस दिशा में बिहार की भूमिका बहुत अहम है।

पीएम मोदी ने कहा कि आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। आज के युवा सिर्फ कहानियों में ही 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सुनते हैं। 'पंजा' और 'लालटेन' ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था, लेकिन बिहार के लोग मुश्किल हालात में भी कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों ने बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई और ऐसी लूट-खसोट मचाई कि गरीबी बिहार की पहचान बन गई। एनडीए सरकार ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में इन चुनौतियों को पार करते हुए बिहार को विकास की पटरी पर लाया है। पीएम ने चेताया कि आज जब बिहार तेज गति से आगे बढ़ रहा है, तब जंगलराज लाने वाले फिर से मौके की तलाश कर रहे हैं। वे फिर अपने पुराने कारनामों को दोहराने की फिराक में हैं। जनता को ऐसे लोगों से सतर्क रहना होगा और विकास की इस यात्रा को रुकने नहीं देना है।

इस मौके पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि जब से एनडीए को काम करने का मौका मिला है, बिहार में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। पहले की सरकारों में लोग अपने घर से बाहर निकलने में डरते थे। आज महिलाएं आत्मविश्वास के साथ घूम फिर सकती हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। हमने महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया और आज उनका सशक्तिकरण स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

## केंद्र सरकार "सहकार से समृद्धि" के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध : अमित शाह

तरुणमित्र, मुंबई

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार "सहकार से समृद्धि" के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां स्थापित करना है, इसके लिए हर गांव में सहकारी समितियों की जानकारी डिजिटल डेटाबेस के माध्यम से एकत्र की गई है। पैक्स समितियां केवल कृषि तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि उन्हें 22 नए सेवा क्षेत्रों से जोड़ा जा रहा है। इनमें जन औषधि केंद्र, गैस वितरण, पेट्रोल पंप, रेलवे टिकट सेवा, टैक्सी सेवा जैसे सेवा क्षेत्र शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री शाह शुक्रवार को मुंबई के होटल फेयरमोंट में 'सहकार से समृद्धि' राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्नदाता किसानों को सशक्त बनाने के लिए देश में पहली बार अलग से सहकारिता मंत्रालय स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। पूरी दुनिया के लिए सहकारिता को आर्थिक




व्यवस्था की अवधारणा के रूप में देखा जाता है। लेकिन भारत के लिए सहकारिता पारंपरिक जीवनशैली में निहित एक दर्शन है। एक साथ आना, सोचना, काम करना, एक लक्ष्य की ओर बढना, सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहना, यही भारतीय सहकारिता की भावना है। महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक ने सहकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आगामी सहकारी पहल "राष्ट्रीय टैक्सी" में टैक्सी चालक वाहन के मालिक होंगे और लाभ सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जाएगा। सहकारिता के माध्यम से महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, देश सहकारिता के नए युग की ओर बढ़ रहा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सहकारिता एक प्रमुख स्तंभ होगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने छात्रों संग मनाया जन्मदिन

एजेंसी, देहरादून

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि विकलांग व्यक्ति सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) के छात्रों संग मिलकर मनाया। यहां बताते चलें कि राष्ट्रपति मुर्मू तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं और आज जन्मदिन का छात्रों के बीच रहना प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा है। इससे पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल गुरमीत सिंह ने भव्य स्वागत किया। जहां से वह सड़क मार्ग से देहरादून पहुंचीं। पूरे दौरे




के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। राष्ट्रपति मुर्मू ने एनआईईपीवीडी परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में छात्रों से संवाद किया और उन्हें बेहतर जीवन जीने के टिप्स दे उनका हौसला भी बढ़ाया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, कि यह पहला अवसर नहीं है जब मैं अपना जन्मदिन दिव्यांगजनों के साथ मना रही हूं।

## 17 मिनट के कॉल ने थाईलैंड में ला दिया भूचाल, पीएम की कुर्सी खतरे में

एजेंसी, बैंकाक

थाईलैंड में सियासी भूचाल मचा है। थाईलैंड की पीएम पेटोंगटार्न शिनावात्रा का सीक्रेट फोन कॉल लीक हो गया। इसके कारण उनकी कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। केवल उनकी कुर्सी ही नहीं, सरकार भी खतरे में है। तख्तापलट की भी बात सामने आ रही है।

थाईलैंड की पीएम पैटोंगटार्न का यह लीक्ड फोन कॉल कंबोडिया के नेता के साथ की है। बवाल की जड़ भी यह फोन कॉल ही है। उनकी सहयोगी पार्टी सरकार से अलग हो गई है। विपक्ष इस्तीफे और नए सिरे से चुनाव कराना चाहता है। हालांकि, थाईलैंड पीएम फोन कॉल लीक



पर माफी भी मांग चुकी हैं, लेकिन बात बनती नजर नहीं आ रही। बता दें 15 जून को हुई 17 मिनट की कॉल में थाईलैंड पीएम पेटोंगटार्न ने कंबोडिया के नेता हुन सेन से थाईलैंड-कंबोडिया बॉर्डर विवाद पर बात की थी। इसी लीक ने न केवल द्विपक्षीय संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, बल्कि पेटोंगटार्न की कुर्सी को भी खतरे में डाल दिया है।

विवाद की जड़ 28 मई को 'एमराल्ड ट्रायंगल' में हुई एक सैन्य झड़प शुरु हुई। यहां थाईलैंड, कंबोडिया और लाओस की सीमाएं मिलती हैं। इस झड़प में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। इसके बाद दोनों देशों में राष्ट्रवादी भावनाएं भड़क उठीं। कंबोडिया ने थाईलैंड पर ड्रोन उड़ाने और सैन्य उकसावे का आरोप लगाया, जबकि थाईलैंड ने इनकार किया। कंबोडिया ने थाई आयात, टीवी ड्रामा और इंटरनेट बैंडविड्थ पर बैन लगा दिया, जिससे तनाव और बढ़ गया है।

## गलवान झड़प के बाद पहली बार अगले सप्ताह चीन जाएंगे रक्षामंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली

चीन और भारतीय सैनिकों के बीच गलवान में हुई झड़प के बाद पहली बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 25 से 27 जून तक चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। यह यात्रा 2020 के गलवान संघर्ष के बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की चीन की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। एससीओ की इस बैठक में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित 10 देशों के रक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग, आतंकवाद विरोधी उपायों और कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। राजनाथ सिंह इस बैठक के दौरान अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जुन और रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलौसोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं। अक्टूबर 2024 में हुए भारत-चीन सीमा समझौते के बाद चीनी रक्षा मंत्री के साथ राजनाथ सिंह की पहली पहली मुलाकात होगी। उस समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने के लिए सैनिकों की वापसी और गश्त की बहाली पर सहमति बनी थी। इसके अलावा, राजनाथ सिंह कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे मध्य एशियाई देशों के रक्षा मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के साथ कोई द्विपक्षीय बैठक नहीं होगी। भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के कारण ऐसी कोई वार्ता संभव नहीं है। यह यात्रा भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने कई विश्वास-बहाली के उपाय शुरू किए हैं। इनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली, नदियों के जल डेटा साझा करना, सीधी हवाई उड़ानों की बहाली और वीजा प्रक्रिया को आसान करना शामिल है।



# डबल इंजन सरकार महाराष्ट्र को दे रही नई ऊर्जा : अमित शाह

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने मुंबई में एमएसीसीआईए मुख्यालय का किया उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली** । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुंबई में महाराष्ट्र चेंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर (एमएसीसीआईए) के नवनिर्मित मुख्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय सहकारी औद्योगिक सम्मेलन को भी उन्होंने संबोधित किया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि आज भारत एक वैश्विक अर्थव्यवस्था बन




चुका है और देश के उद्योग, वाणिज्य और कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीम भारत की अवधारणा के तहत केन्द्र और राज्य मिलकर विकास को गति दे रहे हैं। इसी कारण देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। एमएसीसीआईए की 100 वर्ष की यात्रा की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि शताब्दी वर्ष आत्मगौरव के साथ-साथ आत्ममंथन का अवसर भी है। शाह ने उद्योगपति सेठ वालचंद के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल उद्योग जगत में योगदान दिया, बल्कि देश की ज़रूरतों को समझते हुए दूरदर्शिता से कार्य किया। शाह ने कहा कि नीति निर्धारण की प्रक्रिया अब काफी तेज और प्रभावी हुई है, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। उन्होंने चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से आह्वान किया कि वे अपने कार्यप्रणाली की समीक्षा करें और खुद को वैश्विक अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालें। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थाओं को अब प्रोफेशनल दृष्टिकोण से काम करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र देश का औद्योगिक चेहरा है। मुंबई को आर्थिक राजधानी का दर्जा इसीलिए मिला है क्योंकि यहां अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने महाराष्ट्र में 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें बुलेट ट्रेन, बंदरगाह विकास, और स्टार्टअप्स को बढ़ावा जैसे अनेक आयाम शामिल हैं। शाह ने कहा कि 2004 से 2014 तक महाराष्ट्र को जहां 1.91 लाख करोड़ रुपये की सहायता मिली थी, वहीं मोदी सरकार ने 2014 से 2024 के बीच 7.82 लाख करोड़ रुपये की सहायता दी।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपिका फूलफगर मदुरै तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष मनोनीत हुई

कर्मपालसिंह सवाली



**मदुराई ( तमिलनाडु )** यहां तेरापंथ भवन में तेरापंथ महिला मंडल की साधारण सभा सम्पन्न हुई प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सिमदर स्वामी की स्तुति एवं प्रेरणा गीत से की महिला मंडल की अध्यक्ष लता कोठारी ने स्वागत करके दो साल के कार्यकाल में हुए कार्य से अवगत कराया चुनाव सम्बंधित जानकारी देकर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया कोषाध्यक्ष नयना पारख ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया । उपाध्यक्ष मधु पारख ,मंत्री सुनीता कोठारी ने कार्यकाल मे हुए कार्यशालाओं की संक्षिप्त में जानकारी दी चुनाव अधिकारी चंदादेवी अंचलिया की अध्यक्षता में दीपिका फुलफगर को दो वर्ष के लिए मदुरै तेरापंथ महिला मंडल के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया सभी ने बधाई दी इस दौरान सभा अध्यक्ष गौतमचंद गोलेछा, निवृतमान अध्यक्ष अशोक जीरावला, अमृतलाल चोपड़ा सहित महिला मंडल संरक्षिका चंद्रकांता कोठारी ने मंडल द्वारा किए कार्य की प्रशंसा करते हुए विचार व्यक्त किए एवं निर्वाचित अध्यक्ष का दुप्पटा व माला पहनाकर सम्मान करके बधाई दी । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मंत्री सुनीता कोठारी ने व्यक्त किया। दैनिक तरुणमित्र को प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने मदुराई दी जानकारी ।

### गुलाबी नगरी जयपुर में डॉ. कलाम यूथ रत्न अवॉर्ड 2025 से सम्मानित होंगे डॉ. महेश सोनी

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो



**पाली, राजस्थान।** सोजत सिटी युवा सामाजिक कार्यकर्ता डॉ महेश सोनी को अंतरराष्ट्रीय डॉ. कलाम यूथ रत्न लीडरशिप अवार्ड 2025 के लिए समाजसेवी व राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी को चयनित किया गया। निस्वार्थ सेवा भावना की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉक्टर महेश सोनी को चुना गया।

डॉक्टर सोनी की विभिन्न सामाजिक सरोकार वाले कार्यक्रमों में इनकी उल्लेखनीय सहभागिता रहती है। डॉक्टर महेश सोनी समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर व कोरोना काल में अच्छी सेवा देने पर व हर समय समाज सेवा में आगे रहने पर व डॉक्टर महेश सोनी ने अपना जीवन भी समाज सेवा में समर्पित किया है। डॉक्टर महेश सोनी को अंतरराष्ट्रीय डॉ. कलाम यूथ रत्न लीडरशिप अवार्ड 2025 - 27 जुलाई को राज्य की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजित एक 3 दिवस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन डॉ. कलाम यूथ रत्न लीडरशिप कॉफ्रेंस के दौरान प्रदान किया जाएगा। ख्वाब फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्था के संस्थापक मुन्नाभाई कुमार ने बताया कि सम्मान प्राप्त करने के लिए आमंत्रण देने के साथ ही सोजत मेहंदी नगरी के युवा समाजसेवी डॉ सोनी को अंतरराष्ट्रीय डॉ. कलाम यूथ रत्न लीडरशिप कॉफ्रेंस 7.0 सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। डॉक्टर महेश सोनी ने इस सम्मान के चयनित होने के बाद कहा कि हर व्यक्ति को समाज सेवा में आगे आना चाहिए। समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।

### बिजली के बिलों में भारी धांधली

कर्मपालसिंह सवाली



पाली 20 जून 2025 राजीव गांधी पंचायती राज के पाली जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र और जिला कलेक्टर पाली को ज्ञापन देकर पाली जिले में जोधपुर विद्युत निगम द्वारा बिजली के बिल एक माह में वितरण करने पर भी फ्यूल चार्ज दो माह के लगा कर भेजने की उच्च स्तरीय जांच के साथ स्मार्ट बिजली के मीटर नहीं लगाने की मांग की। मुख्यमंत्री को पत्र में लिखा पिछले चार माह से जोधपुर विद्युत निगम द्वारा बिजली के बिल प्रति एक माह से भिजवाए जा रहे हे। लेकिन बिल में मीटर चार्ज फ्यूल चार्ज ओर अन्य चार्ज पहले की तरह दो माह के बिलों की तरह उपभोक्ताओं से चार्ज कर रहे हे जो जनता के साथ सरासर अन्याय हे ओर जोधपुर विद्युत निगम की खुली लूट हो रही है। अब पाली शहर में स्मार्ट बिजली के मीटर लगाने की शुरुआत गरीब बस्तियों से कर दी गई है जिससे उपभोक्ताओं पर दोहरी मार पड़ेगी,अभी भी इलेक्ट्रिक मीटर से गर्मी में मीटर अपने आप यूनिट निकाल देते है और उपभोक्ताओं को दो माह की बिल भरने में छूट मिलती थी अब एक माह में ही बिल भरना पड़ता है गरीब और आम आदमी दिनों दिन दबता जा रहा है अब स्मार्ट मीटर लगाने से यूनिट अधिक आयेंगे अब बिजली कंपनियां पहले रिचार्ज करवाओ और फिर बिजली पाओ के रास्ते पर चल पड़ी है जिससे जनता की आर्थिक स्थिति ओर कमजोर होगी ।

# भाजपा विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रवास कार्यक्रम आयोजित

कार्यकारी सम्पादक कर्मपालसिंह सवाली



**देसूरी।** भाजपा मंडल देसुरी के तत्वाधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रवास कार्यक्रम गुरुवार को शाम 5:00 बजे अखाड़ा परिसर देसूरी मे जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत के निर्देशानुसार संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम विधानसभा प्रभारी संजय बोहरा,देसूरी मंडल प्रवास प्रभारी जिला उपाध्यक्ष नरपतसिंह राजपुरोहित,बाली विधानसभा संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश परिहार पूर्व मंडल अध्यक्ष देसूरी अशोकपुरी गोस्वामी के सानिध्य एव मंडल अध्यक्ष अभयसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम संयोजक प्रवीण मालवीय,सहसयोजक राकेश खत्री के उपस्थिति मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी संजय बोहरा ने संबोधित करते हुए संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के बारे में विस्तार से कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान की उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक बुथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता पदाधिकारी का कर्तव्य है गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ योजनाओं का लाभ कार्यकर्ता ही दिला सकता है। कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए निवर्तमान मंडल उपाध्यक्ष जगदीश सिंह गहलोत ने कहा कि पार्टी की बैठक में समस्त बुथ अध्यक्ष एव पदाधिकारी अवश्य अपनी उपस्थिति दर्ज करावे एवं अन्य कार्यकर्ताओं को बैठकों में आने के लिए प्रेरित करें। देसूरी मंडल की तरफ से समस्त अतिथियों का सर्व प्रथम साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात वृक्षारोपण के तहत जामुन एवं गुल्मोर पोधे लगाए गए। इस अवसर मंडल बुथ अध्यक्ष मानाराम प्रजापत, वेनाराम नरपत सिंह सुरेश मीणा जगदीश कुमार अरविंद सिसोदिया, सुभाष जणवा योगेश सेन मुकेश सुथार ओमप्रकाश मेवाडा उप सरपंच भवानीसिंह राठौड निवर्तमान मंडल उपाध्यक्ष जगदीश सिंह गहलोत, ओबीसी मंडल अध्यक्ष चुन्नीलाल सुथार, निवर्तमान मंडल महामंत्री फुआराम चौधरी ,पूर्व सरपंच गुलाब खत्री, रवींद्र पुरी गोस्वामी, शेषा राम घांची, सहित बुत अध्यक्ष कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बगरू विधायक डॉ कैलाश वर्मा को समस्याओं का ज्ञापन सौंपा विधायक ने जल्द ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया



कार्यकारी सम्पादक कर्मपालसिंह सवाली

**जयपुर, राजस्थान।** नागरिक विकास समिति, सेक्टर- 16, प्रतापनगर ने अपने सेक्टर की मुख्य समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु बगरू के विधायक व विकास पुरुष डॉ कैलाश वर्मा से मुलाकात की। कार्यक्रम में व्यस्तताओं के बावजूद विधायक वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से सुना। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त शर्मा व कोषाध्यक्ष शिवचरण शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने सीवरेज की समस्या, नाले की सफाई, नालियों के टूटे फेरो कवर बदलवाने, सडकों के खड्डे भरवाने, 1-2 साल पहले बनी सीसी सडको की मरम्मत, सेन्ट्रल पार्क की चारदीवारी, वाकिंग ट्रेक की मरम्मत, लाईट व गार्ड की व्यवस्था करवाने, सेक्टर- 16 के सभी पार्को के रखरखाव, कचरे के ढेर साफ करवाने, आये दिन बढ रही चोरी व अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगवाने हेतु ज्ञापन सौंपा। विधायक वर्मा ने जल्द ही सभी समस्याओं के समाधान हेतु विकास समिति के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य लोग व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहें।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश गहलोत का साण्डेराव में हुआ जोरदार स्वागत

### गोडवाड विकास समिति के अध्यक्ष ने अम्बिका मंदिर में दर्शन कर धोक दिया

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो




**साण्डेराव-** श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज गोडवाड विकास समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश गहलोत फालना के गुरुवार को साण्डेराव अम्बिका मंदिर परिसर में पहुंचने पर समाज बंधुओं ने गाजों बाजों व ढोल-थाली के साथ किया जोरदार स्वागत,समाज के युवाओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश गहलोत का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पहनाकर फुल मालाओं से स्वागत किया।

आशापुरा माताजी मंदिर परिसर में श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज गोडवाड के अध्यक्ष पद पर हुएं चुनाव में विजय श्री होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश गहलोत फालना गुरुवार को साण्डेराव अम्बिका मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना कर माता जी को धोक लगाई।

इस दौरान हरीश मेवाड़ा, नटवर मेवाड़ा,लाकेश मेवाड़ा,धनेश मेवाड़ा, महावीर मेवाड़ा,विक्रम मेवाड़ा,कैलाश मेवाड़ा, कल्पेश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के युवा मौजूद थे। आशापुरा माताजी मंदिर परिसर में श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज विकास समिति गोडवाड के चुनावों में कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए थे जिसमें प्रकाश गहलोत फालना को सर्वाधिक मतो से विजय हुए थी।

## "भविष्य के लिए बीमा बनाइए, भीख मांगने से बचिए : भरतकुमार सोलंकी

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

आज से बीस साल पहले जब किसी ने पूरे परिवार के लिए 2 लाख की मेडिक्लेम पॉलिसी ली थी, तब यह एक समझदार और पर्याप्त फैसला माना जाता था। लेकिन आज बीस लाख का बीमा भी कम लगने लगा हैं। तो क्या यह मान लेना गलत होगा कि आने वाले बीस सालों में 2 करोड़ का बीमा भी शायद कम पड़ जाए? अब ज़रा सोचिए—अगर आपको या किसी अपने को हार्ट अटैक आ जाए, एंजियोप्लास्टी करवानी पड़े या फिर कोई बड़ी बीमारी जैसे कैंसर, लिवर फेलियर या किडनी ट्रांसप्लांट की नौबत आ जाए—तो क्या बीमा कंपनियां उस समय आपका कवर बढ़ा देंगी? जवाब साफ़ हैः शायद नहीं। बीमा कंपनियां 'जोखिम के बाद' नहीं, जोखिम से पहले सुरक्षा देती हैं। तो सवाल उठता हैं—क्या हम समय रहते पर्याप्त बीमा करवा रहे हैं? आज बीस लाख की हेल्थ पॉलिसी रखना एक संतोष की बात लगती हैं, लेकिन अगर उसी संतोष के भरोसे भविष्य में किसी गंभीर बीमारी का खर्च आया और दो करोड़ से भी अधिक का बिल हो गया, तो क्या आपकी जेब तैयार हैं? या फिर आपको वो सब बेचना पड़ेगा जो आपने वर्षों की मेहनत से जोड़ा हैं—सोना, म्यूचुअल फंड, एफडी या ज़मीन-जायदाद? और अगर आपके पास बेचने को कुछ नहीं हुआ तो? क्या आप अपनों या समाज से मदद माँगेंगे? क्या बीमारी के वक्त मदद की गुहार लगाना उस मेहनती व्यक्ति को शोभा देता हैं जिसने जीवनभर परिवार की सुरक्षा के लिए काम किया हो? **ये सिर्फ सवाल नहीं, चेतावनी हैं।** आज के दौर में अगर एक मिडिल क्लास व्यक्ति महीने में 1000 से 3000 तक की प्रीमियम देकर 2 करोड़ का टॉप-अप हेल्थ कवर ले सकता हैं, तो उसे लेने में देर क्यों? जब सब महंगा हो रहा हैं—दवा से लेकर डॉक्टर तक, अस्पताल से लेकर ऐंबुलेंस तक—तो बीमा क्यों पुराना रखा जाए? जवाब सीधा हैः जो काम समय रहते हो सकता हैं, उसे संकट के वक्त पर टालना सबसे बड़ा जोखिम हैं। बीमा एक खर्च नहीं, एक कवच हैं—जो आपके आत्मसम्मान, आपके परिवार और आपकी संपत्ति को अनचाहे खतरे से बचाता हैं। अब फैसला आपका हैं—आप बीमा लेकर ज़िंदगी को सुरक्षित करना चाहते हैं या बिना बीमा के लाचारी की कहानी का हिस्सा बनना चाहते हैं?

## जंगली जानवरों,जीव जंतुओं,गो वंश को भीषण गर्मी में पानी पिलाने का अनूठा जुनून,भामाशाहों के सहयोग से अब तक 1300 से अधिक टैंकर पानी पहुंचाकर हजारों जीवों का जीवन बचाया

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो



**बाप फलोदी,अखेराज,** राजस्थान के भीषण गर्मी के क्षेत्र फलोदी जिले के बाप क्षेत्र में गत वर्ष अल्प वर्षा के कारण मार्च महीने में तालाबों,नाडे नाड़ियों में पानी खत्म हो गया,जिसके कारण इन पेयजल स्त्रोतों पर आकर प्यास बुझाते उन सभी जीवो ,गो वंश पर खतरे के बादल मंडराने लगे।बाप क्षेत्र में कार्य करने वाली सीमाजन कल्याण समिति,भारत विकास परिषद बाप के कार्यकर्ताओं ने दुरस्त स्थानों,अभावग्रस्त स्थानों पर पानी के टैंकर भेजने की योजना बनाई।प्रवासी, व स्थानीय भामाशाहों से सहयोग की अपील की गई।भामाशाहों ने अपार सहयोग दिया।उनके सहयोग के कारण अबतक 1300 टैंकर पानी पहुंचाकर जीवो को जीवन दान देने का पुनीत कार्य हुआ।संयोजक अखेराज खत्री ने बताया कि इस समय 21 टैंकर विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन टैक्टर से भेजे जा रहे हे।इन पशु खेली, नाडा,में पानी पीकर हजारों जीव हल्क तर कर रहे हैं।रात्रि के समय सैकड़ों जीव इन प्वाइंट पर आकर प्यास बुझा रहे हैं जिसमें नील गाय, हिरन, ऊंट,खरगोस, लोमड़ी, मोर,व अन्य वन्य जीव हैं।संयोजक खत्री ने बताया कि हमारे निवेदन पर कई स्थानों पर जन सहयोग से पानी की नई खेली का निर्माण हुआ।इन खेलियों में टैंकर भेजे जा रहे हैं जिससे हजारों पशु,पक्षियों को लाभ मिला। हुई प्रशंसा, ग्रामीण,प्रदीप सारण शिक्षक संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीमा जन कल्याण समिति,भारत विकास परिषद का बहुत आभार प्रकट करते कहा कि सरकारी व्यस्था नगण्य होने के कारण निराश्रित गो वंश,जंगली जीवो पर पेयजल का संकट था हमारे आग्रह पर समराथल पशु खेली,शक्ति नगर पशु खेली,करनी नगर में भी हर रोज पानी टैंकर संस्था द्वारा भेजा जाता।जिससे हजारों जीवों को लाभ मिला। सामाजिक कार्यकर्ता मोहन पालीवाल ने बताया कि बिहारी लाल जी के नाडे में प्रतिदिन सैकड़ों जीव पानी पीते हैं,इस नाडे में पानी हमेशा भेजा जाता हे। संघ की संस्थाओं का आभार,भामाशाहों का साधुवाद। गो भक्त ओंकार लाल जी बोहरा ने बताया कि निराश्रित गो वंश के लिए जंगल में घास तो खूब है पर नजदीक पानी नहीं था।हमारे आग्रह पर पानी टैंकर हमारे नाडे में आता है।संस्था के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद। श्री राम राईका नोख ने सीमा जन कल्याण समिति,भारत विकास परिषद का साधुवाद व्यक्त किया कि भीकमपुर रणजीत पूरा सड़क पर 200 से अधिक गो वंश को जीवन दान मिला। संस्था ने प्रतिदिन पानी की व्यवस्था की भीषण गर्मी में समय पर पर्याप्त जल व्यस्था नहीं होती तो कई गो वंश,जंगली जीव अकाल मृत्यु को वरण कर लेते। संयोजक अखेराज ने बताया कि बरसात होने तक यह सेवा जारी रहेगी।

### योग एक जीवन शैली, मीणा। बाप में योग दिवस को लेकर हुआ पोस्टर विमोचन,तैयारियां पूर्ण,सीनियर खेल मैदान में होगा कार्यक्रम




दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

**बाप,फलोदी अखेराज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जुलाई को बाप उपखंड मुख्यालय पर धूम धाम से आयोजित होगा।गुरुवार को आयुर्वेद चिकित्सालय से एक जागरूकता संदेश यात्रा निकली।यह यात्रा बाजार होते समिति कार्यालय से ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंची।वहा पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम हुआ।उपस्थित कार्मिकों, सहभागियों को संबोधित करते योगा नोडल अधिकारी डॉ तेज राम मीणा ने योग पर प्रकाश डालते कहा कि योग केवल कुछ शारीरिक व्यायामों का समूह नहीं है; यह एक जीवन शैली है, एक दर्शन है जो हमें अपने भीतर झांकने और स्वयं को बेहतर बनाने का मार्ग दिखाता है। योग का अभ्यास हमें कई तरह से लाभ पहुंचाता है। नियमित अभ्यास से पाचन, रक्त परिसंचरण और श्वसन तंत्र में भी सुधार होता है। मानसिक स्तर पर, योग हमें शांति और स्थिरता प्रदान करता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में, जहाँ हर कोई किसी न किसी चीज़ की दौड़ में है, योग हमें एक ठहराव देता है,और आध्यात्मिक स्तर पर, योग हमें हमारे वास्तविक स्वरूप को समझने में मदद करता है। यह हमें यह सिखाता है कि हम केवल यह शरीर या मन नहीं हैं, बल्कि हम एक आत्मा हैं। यह हमें आत्म-जागरूकता और आत्म-साक्षात्कार की ओर ले जाता है। महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र में कहा हैः "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" - अर्थात, योग चित्त की वृत्तियों का निरोध है। इसका मतलब है कि योग हमारे मन में उठने वाले विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करने का एक तरीका है, ताकि हम आंतरिक शांति और स्पष्टता का अनुभव कर सकें।

योग का अभ्यास किसी भी उम्र या शारीरिक क्षमता वाला व्यक्ति कर सकता है। मीणा ने बताया कि प्रातः 6,30 से 8 बजे तक सामूहिक योग कार्यक्रम होगा।उन्होंने आम जन से अपील की कि वे अधिकतम संख्या में शामिल हो। योग गुरु शिक्षाविद लालचंद खत्री होंगे। यह थे उपस्थित ,उपखंड अधिकारी सुखराम ,बीसीएमओ पर्वत सिंह,विकास अधिकारी कैलाश पंचारिया , डॉ वजीर खान, डॉ प्रवीण कुमार आशदेव,श्याम सुंदर राजपुरोहित डी ओ ,आदि।

# वैदिक संस्कार शिविर के बटुकों ने किया नगर भ्रमण,ऐतिहासिक मेगराजसर तलाब पर किया सरोवर पूजन

बाप,फलोदी, अखेराज







बाप नगरपालिका मुख्यालय पर इन दिनों पालीवाल समाज भवन में 36 खेड़ा के अलावा अन्य प्रदेश से आए कर्मकांडी बटुकों शिक्षार्थियों का मेला है।

श्री पालीवाल ब्राह्मण समाज सेवा मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र व शिक्षाविद कन्हैयालाल पालीवाल ने बताया कि वैदिक संस्कार का 10 दिवसीय आवासीय शिविर 12 जून से प्रारंभ हुआ।प्रातः ब्रह्म मुहूर्त से रात्रि तक अलग अलग सत्रों में शिक्षार्थियों को विद्वान आचार्यों मेघराज मोखेरी, लून करण लवा,देवकिशन जोशी बाप,पंकज जोशी, मदन मोहन, तेजमाल,मुकेश छतानी, मुकेश, तोलाराम लवा,किशनलाल,द्वारा पूजन विधि,रुद्री,आदि का ज्ञान करवाया जा रहा है। अध्यक्ष रमेश कुलधर ने बताया कि इस शिविर में 52 शिक्षार्थियों को आचार्य द्वारा वैदिक संस्कार शिक्षण दिया जा रहा है।राजस्थान के 16 गांवों के अलावा मध्यप्रदेश से भी बटुक आए हैं।इस शिविर में 52बटुक 10 सेवादार,14 आचार्य उपस्थित हैं।पालीवाल ने बताया कि शिविर का समापन 21 जून को होगा। किया नगर भ्रमण, कन्हैयालाल पालीवाल ने बताया कि बाप गांव पालीवाल समाज के लोगों का बसाया गांव हैं।नगर में मोहल्लों के नाम भी जाती, व मुखियो के नाम से आज भी जाने जाते।गुरुवार शाम को बाप नगर भ्रमण हुआ।बाप नगर के ऐतिहासिक तलाब पर स्थित सती माता के थान तथा महा तपस्वी मेघराज जी पुनध की मूर्ति के दर्शन कर पूजन किया।ऐतिहासिक मेघराजसर तलाब के जल का पूजन विधि विधान से नगरपालिका अध्यक्षा लीलादेवी जगदीश पालीवाल व सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में किया।नगर के प्राचीन लक्ष्मीनाथ मंदिर के दर्शन भी किए दी जानकारी, बटुक शिक्षार्थियों को शिक्षाविद कन्हैयालाल पालीवाल बाप ने नगर के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। यह थे उपस्थित, लीलादेवी अध्यक्ष नगरपालिका बाप,पूर्व उप प्रधान जगदीश, घनश्याम हरजाल,चौधरी नैनुलाल,अमृतलाल, भूरालाल, पुखराज छतानी, भोमराज, ज्ञानचंद, रामलाल, दामोदर मेहता, एडवोकेट मदन शर्मा, ओम सेवड़ा, मुकेश, रेखचंद, देवीलाल,गिरीश, नितेश, रोहित, तेजाराम, जगदीश कुमावत, लक्ष्मीनारायण, शिव पालीवाल, मधुसूदन, पवन, वैभवर, मोतीलाल आदि।

# अवैध निर्माणों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' ठाणे के सभी अवैध इमारतों को खाली कराने के लिए बिजली और पानी के कनेक्शन काटे जाएंगे

तरुणमित्र / युसुफ पुरी

**ठाणे** : ठाणे महानगर पालिका आयुक्त सौरभ राव ने 9 प्रभाग समितियों के तहत 9 टीमों का गठन किया है। और उन क्षेत्रों में अनधिकृत इमारतों पर कार्रवाई शुरू कर दी है, यह जानकारी मनपा के अतिक्रमण विभाग ने दी है। गुरुवार को मांजीवाडा, मानपाड़ा, वर्तकनगर, कलवा, नौपाड़ा, उथलसर आदि इलाकों में एक साथ कार्रवाई शुरू हुई। जिन इमारतों में रहवासी रह रहे हैं, उनकी बिजली और पानी काट दिया जाएगा।

दिवा शील इलाके के खान कंपाउंड इलाके में बनी अवैध इमारतों पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद पिछले शुक्रवार को कार्रवाई शुरू हुई थी। 17 में से 5 इमारतों के खिलाफ कार्रवाई लंबित है और उनमें रहने वाले निवासियों को 23 तारीख तक इमारतें खाली करने का निर्देश दिया गया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद मनपा आयुक्त ने मनपा आयुक्त की मौजूदगी में मनपा अतिक्रमण विभाग के जरिए पुलिस सुरक्षा में दीवा शील इलाके में 17 अनधिकृत इमारतों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। बुधवार को





मनपा आयुक्त द्वारा की गई बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि मुंब्रा और शील क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य प्रभाग समितियों में भी अतिक्रमण हुआ है। अब आयुक्त ने संबंधित प्रभाग समितियों को सभी अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इस तरह की जा रही है कार्रवाई पहले चरण में उन निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जहां अवैध निर्माण कार्य नए शुरू हुए हैं। इसके बाद उन इमारतों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिनमें लोग रह नहीं रहे हैं।

तीसरे चरण में जिन इमारतों में लोग रह रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी कर इमारतों को खाली कराया जाएगा। इसके बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी, यह जानकारी अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त शंकर पटोले ने दी। साथ ही उन इमारतों के पानी और बिजली के कनेक्शन भी काटे जाएंगे। नगर विकास विभाग और अतिक्रमण विभाग ने अब शहर के हरित क्षेत्रों और अविकसित क्षेत्रों में निर्माणों का सर्वेक्षण शुरू किया है। नगर विकास विभाग इन दोनों क्षेत्रों की सीमाएं अतिक्रमण विभाग को दिखाएगा। अतिक्रमण विभाग ने बताया है कि सर्वे पूरा होने के बाद वहां अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की जाएगी।

# क्रेडाई एमसीएचआई यूथ द्वारा नवी मुंबई के लिए पुनर्विकास प्रदर्शनी का आयोजन

तरुणमित्र/ब्यूरो

**नवी मुंबई।** क्रेडाई एमसीएचआई यूथ ने रविवार 29 जून को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक वाशी स्थित सिडको प्रदर्शनी केंद्र में मेगा पुनर्विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया है. भविष्य में नवी मुंबई और रायगढ़ क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आवास पुनर्विकास होगा. इसी पृष्ठभूमि में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है, ऐसी जानकारी क्रेडाई एमसीएचआई यूथ के पूर्व अध्यक्ष और हवारे प्रॉपर्टी के प्रबंध निदेशक अमित हवारे ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दी. इस अवसर पर क्रेडाई एमसीएचआई यूथ के अध्यक्ष जितेश अग्रवाल, जुई बजाज, आशियान खोत समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

अमित हवारे ने कहा कि इस पहल के ज़रिए नवी मुंबई के विकास को बढ़ावा मिलेगा. इसके ज़रिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा करना हमारा लक्ष्य है।

पुनर्विकास सिर्फ़ एक व्यावसायिक उपक्रम नहीं है; लोगों को सुरक्षित, आधुनिक और ज़्यादा टिकाऊ घर मुहैया कराना यह एक सामाजिक ज़िम्मेदारी है.




इस प्रदर्शनी में नवी मुंबई के तीस प्रमुख डेवलपर्स एक साथ आएंगे. ये डेवलपर्स प्रदर्शनी के माध्यम से पुनर्विकास और प्रोजेक्ट प्रस्तावों में अपने अनुभव प्रस्तुत करेंगे. नवी मुंबई और रायगढ़ की 750 से अधिक हाउसिंग सोसायटियाँ, जो पुनर्विकास पर विचार कर रही हैं, ने इस पुनर्विकास प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है. साथ ही 30 डेवलपर्स ने भी पंजीकरण कराया है।

**समाज, डेवलपर्स और पूरे शहर के लिए होगा फायदेमंद**

जितेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य एक पारदर्शी, जानकारीपूर्ण और उपयोगी मंच तैयार करना है. इससे हाउसिंग सोसाइटियों और डेवलपर्स के बीच सीधा संपर्क हो सकेगा. आपसी चर्चा के माध्यम से पुनर्विकास के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे. इस पहल से क्षेत्र में महत्वपूर्ण व्यावसायिक अवसर सामने आएंगे. साथ ही पुनर्विकास प्रक्रिया, कानूनी पहलुओं और अनुमोदनों पर सीधा मार्गदर्शन मिलेगा. यह प्रदर्शनी केवल पुनर्विकास के बारे में नहीं है; यह नवी मुंबई के भविष्य को आकार देने के बारे में है।

हम एक ऐसा मंच प्रदान कर रहे हैं जो हाउसिंग सोसाइटियों को सूचित निर्णय लेने और सही डेवलपर्स से जुड़ने में सक्षम बनाता है. यह समाज, डेवलपर्स और पूरे शहर के लिए सभी के लिए फायदेमंद होगा।

# भाषा विवाद के गृहमंत्री का बड़ा बयान भारतीय भाषाएं हमारा गहना है अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी ऐसा समाज बनेगा

तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणे।** अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कॉन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री शंकर ठक्कर ने बताया पिछले कुछ समय से राजनेताओं द्वारा फिर से जनता को भारतीय भाषाओं के बीच बांटने के प्रयास शुरू किया गया है जो देश के लिए बहुत ही घातक है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसे समाज का निर्माण अब दूर नहीं है। चीजों को वो ही कर पाते हैं जो एक बार अपने मन में ठान लेते हैं और मैं मानता हूं कि हमारे देश की भाषाएं, हमारा गहना हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए



बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत में लोग अंग्रेजी बोलने पर शर्मिंदगी महसूस करेंगे। उन्होंने भारतीय भाषाओं को देश की संस्कृति के रत्न बताते हुए कहा कि ये भाषाएं हमारी पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं और इनके बिना हम भारतीय नहीं कहला सकते। भारतीय खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री द्वारा लिखी किताब के विमोचन के मौके पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा, 'मेरी बात ध्यान से सुनिए और याद रखिए, इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी, ऐसे समाज का निर्माण अब दूर नहीं है। चीजों को वो ही कर पाते हैं जो एक बार अपने मन में ठान लेते हैं और मैं मानता हूं कि हमारे देश की भाषाएं, हमारा गहना है। इनके बिना हम भारतीय नहीं हैं। आप किसी विदेशी भाषा में अपने इतिहास, संस्कृति और धर्म को नहीं समझ सकते। उन्होंने आगे कहा कि अधूरी विदेशी भाषाओं के साथ संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं इस बात से पूरी तरह वाकिफ हूं कि लड़ाई कितनी कठिन है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इस लड़ाई को जीतेगा और अपनी भाषाओं पर गर्व करते हुए हम अपने देश को चलाएंगे, विचार करेंगे, शोध करेंगे, निर्णय लेंगे और दुनिया पर शासन करेंगे। इसमें किसी को संदेह करने की कोई जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा कि 2047 में दुनिया में शीर्ष पर रहने में हमारी भाषाओं का बहुत बड़ा योगदान होगा। शंकर ठक्कर ने आगे कहा हमें अपनी भाषाओं पर गर्व होना चाहिए। विश्व में कई देश ऐसे हैं जहां पर अपनी स्थानीय भाषा को महत्व दिया जाता है और ऐसे देश दूसरे देशों से ज्यादा प्रगति कर रहे हैं। इसलिए हमें भी अपनी स्थानीय भाषाओं को महत्व देना चाहिए और आम जिंदगी में और सरकारी स्तर पर स्थानीय भाषाओं का उपयोग करना चाहिए। इस पर हमें गर्व भी होना चाहिए तभी हमारी भाषाओं का विश्व में महत्वपूर्ण स्थान होगा। राजनेताओं को भी देश की जनता को भाषाओं के नाम पर बांटना बंद करना चाहिए देश की सभी भाषाएं अच्छी है और जो जिस भाषा का प्रयोग करना चाहता है उसे वह करने की आजादी होनी चाहिए।

# कामवारी नदी में डूबे दो सगे भाई, अब तक लापता

तरुणमित्र / अनिल वर्मा

**भिवंडी** : भिवंडी तालुका के गोरसई गांव में कामवारी नदी में नहाने गए दो सगे भाई पानी में डूबकर लापता हो गए हैं। यह दर्दनाक हादसा हुआ। नदी में डूबकर लापता हुए युवकों के नाम सागर परशुराम धुमाल (उम्र 30 वर्ष) और अक्षय परशुराम धुमाल (उम्र 25 वर्ष) हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, गोरसई गांव के निवासी सागर और अक्षय गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे गांव की सीमा से बहने वाली कामवारी नदी में



नहाने के लिए गए थे। लगातार हो रही बारिश के कारण नदी में पानी का स्तर काफी बढ़ गया था।

नहाते समय अक्षय गहरे पानी में डूबने लगा, उसे बचाने



के लिए सागर भी नदी में कूद पड़ा, लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों भाई पानी में डूब गए। इस घटना को पास में मौजूद एक मित्र ने देखा और तुरंत गांव में सूचना दी। इसके बाद गांव के कई युवक नदी में उतरकर उन्हें खोजने की कोशिश करने लगे। सूचना मिलते ही भिवंडी नगर निगम का अग्निशमन दल और आपदा प्रबंधन की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

इसके अलावा नायब तहसीलदार आदेश म्हात्रे भी मौके पर पहुंचे। हालांकि, शाम करीब साढ़े सात बजे अंधेरा होने के कारण बचाव दल को अपनी तलाशी मुहिम रोकनी पड़ी। इस दुखद घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। बताया गया है कि सुबह एक बार फिर से लापता युवकों की खोज शुरू की जाएगी।

# मध्य रेल ने योग से होने वाले लाभ को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले संगोष्ठी का आयोजन किया



तरुणमित्र /हंसराज कनौजिया

**मुंबई** : 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर, मध्य रेल ने दिनांक 20.06.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर योग के लाभों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों और आम जनता के बीच स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपनाने के लिए जागरूकता बढ़ाना और प्रोत्साहित करना है।संगोष्ठी की अध्यक्षता मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी ने की और वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भाग लिया। 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्य रेल मुख्यालय और इसके सभी मंडलों में योग से संबंधित गतिविधियों की योजना बनाने और आयोजन पर चर्चा की गई, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप है।संगोष्ठी के हिस्से के रूप में, अपर महाप्रबंधक, अधिकारियों और कर्मचारियों ने महिला पतंजलि योग समिति, मुंबई के योग स्वयंसेवकों द्वारा निर्देशित एक योग सत्र में भी भाग लिया।मध्य रेल 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 के हिस्से के रूप में 21 जून, 2025 को विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# कामवारी नदी से जलपर्णी हटाने की शुरुआत, प्रशासन जागा




तरुणमित्र / अनिल वर्मा

**भिवंडी** : भिवंडी शहर और ग्रामीण क्षेत्र की सीमा से बहने वाली कामवारी नदी के पात्र को जलपर्णी ने घेर लिया था। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण नदी की जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई। इसी दौरान नदी में बहकर आई जलपर्णी, नदी नाका इलाके में पुल के नीचे फंस गई थी। इस कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्र के नदी किनारे के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका जताई जा रही थी। इस गंभीर स्थिति की खबरें जब विभिन्न मीडिया माध्यमों में प्रकाशित हुईं, तब जाकर पालिका प्रशासन जागा। शुक्रवार को पालिका प्रशासन ने पोकलेन मशीन की मदद से नदी पात्र में फंसी हुई जलपर्णी को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस प्रयास से अब नदी का जलप्रवाह सुचारू रूप से चलने में मदद मिल रही है।

# भाजपा बोईसर मंडल द्वारा आज मनेंगा 'विश्व योगा दिवस'

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी

**पालघर।** विश्व योगा दिवस 21 जून के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की देश के सभी लोगों को योग के प्रति जागरूक कर मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के आह्वान के फलस्वरूप आज शनिवार को सुबह भाजपा के प्रदेश कार्यालय से जारी अधिसूचना के अनुसार और जिलाध्यक्ष भरत राजपूत के मार्गदर्शन में भाजपा बोईसर मंडल द्वारा औद्योगिक शहर बोईसर प. आर्दश विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय, गंगोत्री होटल के समीप स्नेह नगर भैय्यापाडा में नियमानुसार योग साधना के तहद 'योग से शक्ति रोग से मुक्ति' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भाजपा बोईसर मंडल द्वारा आय़ोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम




संयोयिका श्वेताताई संजय देसले,सह संयोयिका वैशाली ताई सादुलवाड़ और वैशाली ताई बाबर की उपस्थिति में संपन्न होगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आय़ोजित 'योग से शक्ति रोग से मुक्ति' कार्यक्रम में भाजपा बोईसर मंडल अध्यक्ष महेंद्र भोणे ने जिले के सभी पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा,ओबीसी मोर्चा,उत्तर भारतीय मोर्चा,किसान मोर्चा,अल्पसंख्यक मोर्चा, आदिवासी प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ,यातायात प्रकोष्ठ के अलावे जिला परिषद व पंचायत समिति के सदस्यों और सभी ग्राम पंचायत के सरपंच,उप सरपंचो,सभासदों से उपस्थित होकर प्राणायाम का हिस्सा बनने का अनुरोध किया है।

# 14 अगस्त को दादर स्टेशन से 01027 में चार्टर्ड द्वितीय एसी कोच द्वारा अयोध्या-प्रयागराज के साथ काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग यात्रा

**काशी विश्वनाथ मंदिर, राम जन्मभूमि, हनुमान गढ़ी, त्रिवेणी संगम, और कई पर्यटन स्थलों को इस यात्रा में शामिल किया गया है**

तरुणमित्र / मुंबई ब्यूरो

**मुंबई** : भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी), भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत एक 'नवरत्न' सार्वजनिक उपक्रम है, अयोध्या-प्रयागराज के साथ काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग यात्रा की आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखता है। यह विशेष तीर्थ यात्रा भारत के तीन सबसे प्रतिष्ठित शहरों- वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज से होकर आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा प्रदान करती है, जो 14 अगस्त 2025 को दादर से रवाना होगी।यह यात्रा तीर्थयात्रियों के लिए एक सहज और आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसमें 2AC चार्टर्ड कोच यात्रा, होटल में रहने की व्यवस्था, सुबह का नास्ता , होटल में भोजन, एसी बसों द्वारा दर्शनीय स्थलों की यात्रा, पेशेवर टूर एस्कॉर्ट्स और यात्रा बीमा शामिल हैं - ये सभी एक सर्व-समावेशी पैकेज में शामिल हैं, जिसकी कीमत 34,700/- प्रति व्यक्ति (ट्रिपल ऑक्यूपेंसी)



है।श्री गौरव झा, समूह महाप्रबंधक, पश्चिम क्षेत्र, मुंबई ने कहा, यह 8 रात / 9 दिन की यात्रा भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत को समर्पित है। यह भक्तों को काशी विश्वनाथ मंदिर, राम जन्मभूमि, हनुमान गढ़ी, त्रिवेणी संगम और अन्य पवित्र स्थलों को अच्छी तरह से तैयार और किफायती प्रारूप में देखने का मौका देती है।

### वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर, संकट मोचन मंदिर, भारत माता मंदिर, तुलसी मानस मंदिर, काल भैरव मंदिर और सारनाथ।

**अयोध्या** : राम जन्मभूमि, लक्ष्मण घाट, हनुमान गढ़ी, कनक भवन मंदिर और शरयू नदी।

**प्रयागराज** : त्रिवेणी संगम और स्थानीय दर्शनीय स्थल।

यह 2nd AC कोच टूर दिनांक 14.8.2025 को दादर से ट्रेन नंबर 01027 (दादर-वाराणसी स्पेशल) द्वारा रवाना होगा और ट्रेन नंबर 01026 (प्रयागराज-दादर स्पेशल) द्वारा वापस आएगा, जिससे आरामदायक और सुंदर रेल यात्रा सुनिश्चित होगी।टूर के लिए 2nd AC में 44 सीटें उपलब्ध हैं, इच्छुक यात्रियों को जल्दी बुकिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।बुकिंग और विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट www.irctctourism.com पर जाएँ या 8287931886 (व्हाट्सएप/एसएमएस) पर पश्चिम क्षेत्र मुंबई कार्यालय से संपर्क करें।

# बारीक चावल बाजार फिर से बड़ी तेजी का रुखः उदय सुरेश भाई ठक्कर

तरुणमित्र / ब्यूरो



**ठाणे।** कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उदय सुरेश भाई ठक्कर ने कहा चावल में घरेलू एवं निर्यात दोनों ही मांग पहले की अपेक्षा घटने लगी है, जिसके चलते स्टाक के माल 4-5 दिन रुक रुक कर घटते जा रहे हैं।

नयी फसल आने में लंबा समय बाकी है, यूपी उत्तराखंड में साठी की बिजाई अनुकूल नहीं है। दूसरी ओर भारतीय चावल के भाव अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आयात अब सस्ते दिखाई देने लगे हैं, जिससे वर्तमान भाव में थोड़ा करेक्शन के बाद बाजार 200/300 रुपए बढ़ जाएगा। राइस मिलों एवं पैकिंग निर्माताओं का कहना है कि वर्तमान के धान से इस बार उत्पादन लागत महंगी हो गई है, जिस कारण 1718 सेला चावल 6300/6400 रुपए एवं स्टीम 6800/6900 रुपए प्रति कुंतल हो गया है, यह बिल्कुल नीचे वाले भाव हैं, आगे चलकर इसमें और लाभ की संभावना है। यही कारण है कि 1509 चावल सेला ग्राहकी निकलने से 5900/6000 रुपए से कम में नहीं मिल रहा है। धान 1121 की आपूर्ति इस बार ज्यादा नहीं है, उधर अब 1718 धान की भी आपूर्ति ज्यादा नहीं है। अतः भविष्य में करेक्शन के बाद इसमें और तेजी लग रही है।

# योगः कर्मसु कौशलम् !



गिरीश्वर मिश्र

शब्द बड़े चमत्कारी और शक्तिशाली उपकरण होते हैं । शायद इसी को ध्यान में रख कर भारत में वैदिक युग से ही वाक्शक्ति की लगातार अभ्यर्थना की जाती रही है और अक्षर ब्रह्म की परिकल्पना भी की गई । वाक्शक्ति को देवी का दर्जा दिया गया। शब्दों के सराहे हम जीवन में अपने सारे काम करते हैं, कल्पना भी करते हैं, प्रेरित होते हैं, लक्ष्य की योजना बनाते हैं और सृजन में भी प्रवृत्त होते हैं। इसका ताजा प्रमाण वर्तमान काल में 'योग' शब्द के प्रयोग में दिख रहा है। आज योग एक बड़ा ही लोकप्रिय और लुभावना शब्द हो गया है जिसका धड़ल्ले से सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों हो रहा है । शाब्दिक अर्थ को लें तो योग यानी जोड़, जोड़ने की प्रक्रिया और जोड़ने के परिणाम दोनों को ही व्यंजित करता है। ध्यान से विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि योग एक बड़ी ही सर्जनात्मक अवधारणा की ओर ध्यान दिलाता है। आप जैसे हैं वैसे ही निर्विकार या निश्चेष्ट बने रहें या कहें कि आपमें कोई योग अथवा कोई जोड़ न हो, कोई बदलाव या अभिवृद्धि न हो तो ज्ञान या कर्म किसी स्तर पर विकास या प्रगति की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं बनेगी । यह तो मृत होने की स्थिति है। इसीलिए उपनिषद में ऋषि ने प्रार्थना की - मृत्योर्मामृतं गमय । अर्थात् मृत्यु से अमरत्व की ओर ले चलो।

आम फहम भाषा में योग का एक दूसरा अर्थ अवसर भी होता है। इसी आशय से बातचीत में अक़्सर कहा जाता है कि इसका योग (मुहूर्त!) नहीं बन रहा है या योग ही नहीं बैठ रहा है। यहाँ पर यह कहना ज़रूरी है कि अवसर स्वतः अपने आप घटित होने वाला कोई आकस्मिक संयोग या चमत्कार नहीं होता बल्कि उसके लिए मनुष्य को प्रयत्न करना पड़ता है। उसके लिए उद्योग करना करना ज़रूरी है । योग बना तो उसे सुयोग में बदलने के लिए आदमी को मेहनत मशक़्क़त करनी पड़ती है। तभी वह फलदायी होता है और हमें मनोवांछित सुख देता है। इसीलिए कहा गया कि उद्योगी मनुष्य ही लक्ष्मी या धन-सम्पदा को प्राप्त करता है - उदयोगिनः पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मी । उस उद्योगी के पास ही श्री का भी आगमन होता है। जो श्रम करने से कभी थकता और कतराता नहीं, उसी के पास धन सम्पदा आती है - नानाश्रांताय श्रीरस्ति । जीवन का मधु निरंतर सक्रिय बने रहने में ही है इसलिए निर्देश दिया गया कि सदैव श्रम करते रहो – चरेवैति चरेवैति चरन् वै मधु विंदति । भगवान कृष्ण योग के महान प्रवक्ता अर्थात् योगीश्वर और कर्मठ जीवन के साक्षात् विग्रह हैं। उनकी लोकविख्यात कथा जीवन में अविराम निरंतर उत्कर्ष का प्रमाण है। प्रभु श्रीराम भी हमारे सम्मुख कर्तव्य पालन की पराकाष्ठा ही दिखाते हैं। आधुनिक काल में भी जो महान व्यक्ति हुए हैं और आज भी जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं वे सभी श्रम की ही प्रतिष्ठा को दर्शाते हैं। वे सच्चे अर्थों में योगी हैं ।

दुर्भाग्य से आज कल योग शब्द का प्रयोग एक बिकाऊ वस्तु के रूप में रूढ़ होता जा रहा है। अनेक लोग इस शब्द का उपयोग शारीरिक आसनों और प्राणायाम अर्थात् साँसों को नियमित करने के तरीक़ों को बताने के लिए किया जाता है। लोग यह कहते सुने जाते हैं कि हम योग या योगा करने जा रहे हैं। ज़्यादातर लोगों के लिए योग की ओर झुकाव स्वास्थ्य और सौंदर्य की कमियों को दूर करने की ओर रहता है। आकर्षक रूप रंग सबको प्रिय होता है और आज सौंदर्य प्रसाधनों का बाज़ार लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यह सब इंगित करता है कि शरीर-सौष्ठव के प्रति रुझान आज के दौर में एक बड़ा सरोकार बन गया है । योग का यह भी एक अर्थ है पर निश्चय ही बड़ा सीमित अर्थ है । श्रीमदभगवद्गीता में भगवान कृष्ण ने कर्म में कुशलता यानी दक्षता प्राप्त करने के रूप योग की अवधारणा को समझाया है। उनके शब्द हैं : योगः कर्मसु कौशलं । इस अर्थ में योग अपने कार्य को उत्कृष्ट बनाने की कला है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, ध्यान, धारणा और समाधि के आठ अंग शरीर, मन और आत्मा को साधने की प्रक्रिया के ही अवयव हैं। कार्य में उत्कृष्टता कितनी उपयोगी है यह बताने की आवश्यकता नहीं है। यदि कर्म में उत्कृष्टता है तो मनुष्य यश और कीर्ति का भागी होता है तो इसमें चूक के भयंकर और दुखदायी परिणाम होते हैं।

अपने कार्य में उत्कृष्टता के लिए कार्य के प्रति समर्पण, संलग्नता और आवश्यक हुनर का व्यावहारिक ज्ञान बहुत ज़रूरी है। इन सबके लिए धैर्य और सतत संलग्नता ज़रूरी होती है। चिंता की बात यह है कि ये विचार अब अल्पकालिक या दीर्घकालिक जीवन लक्ष्य के रूप में ज़्यादातर लोगों के लिए आकर्षक नहीं रहे । आज की विडम्बना यह है कि तेज रफ़्तार से बदलते इस दौर में लोग शांति, स्थिरता, धैर्य, समत्व और संतुलन जैसे विचार केवल पिछड़ेपन और कमजोर इच्छाशक्ति के लक्षण मानने लगे हैं । लोगों को लगता है कि दौड़-धूप भरी जिंदगी इनके भरोसे नहीं चल पाएगी । गति की तीव्रता का आकर्षण आज के युवा वर्ग में ख़ास तौर पर बढ़ रहा है। साथ ही आत्म-प्रकाशन की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही है। लोग अपनी छवि बनाने और भुनाने में मशगूल हैं और खुद से दूर होते जा रहे हैं । उनको अपने आपको समझने और गुण दोषों को समझने के लिए उनके पास अवकाश नहीं है। अब असरदार स्टंट करना, आकर्षक रील बनाना और कुछ सनसनीख़ेज़ कारनामे देख या दिखा कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर छा जाना उन्हें बड़ा रास आता है। लाइक बटोरना और सब्सक्राइब होना उनका प्रिय शग़ल बनता जा रहा है और प्रतिदिन अच्छा खा समय उस पर ज़ाया जाता है।

गति, उत्तेजना और क्रियाशीलता को लगातार बढ़ते हुए अनुभव करते रहना लोगों का पसंदीदा व्यसन हो रहा है और उससे ही अधिकाधिक सुख पाने की चेष्टा की जाती है । विडियो गेम तो निष्क्रिय स्थिति में भी सक्रियता का तीव्र आभासी (नकली) अनुभव दिलाते हैं । पर इन सब से जल्दी ही ऊब होने लगती है और किसी नए तरीक़े या उपकरण की तलब होती है । उत्तेजना को बनाए रखने के लिए गेम में विविधता लाई जाती है। इस प्रवृत्ति का सबसे बुरा असर हमारे ध्यान की क्षमता और आदत पर पड़ रहा है । ध्यानावस्थित होने की बात तो दूर किसी बात या वस्तु पर ध्यान देने की हमारी क्षमता ही तेज़ी से घटती जा रही है और उसी के साथ स्मरण शक्ति भी घट रही है । और तो और किसी चित्र पर हमारी आँख सिर्फ़ कुछ पल के लिए ही टिक पाती है। बिना ध्यान दिए वस्तुएँ पकड़ में नहीं आतीं और मानस पटल पर अंकित नहीं होतीं और न हमें उनकी धारणा ही होती है । फलतः वे बहुत जल्द भूल जाती हैं।

धारणा और ध्यान एक दूसरे पर निर्भर करते हैं।हमारी डिजिटल दुनिया का जलवा यही है कि वह ध्यान की क्षमता की बलि ले रही है। दूसरी ओर बाज़ार में वस्तुओं का बढ़ता जमघट हममें अभाव और दीनता का भाव भर रहा है। इसके चलते हमारा अहं भाव और शेष प्रकृति से अलगाव और वैशिष्ट्य का बोध प्रबलतर होता जा रहा है। हम अपने को प्रकृति के अंग के रूप में न देख कर उसके स्वामी के रूप में देखने लगे हैं। इस आत्मविश्वास और संभ्रम की स्थिति को यदा कदा भूस्खलन और बेमौसम वर्षा, सूखा और बाढ़ आदि की घटनाओं से जरूर धक्का लगता है।

जीवित सृष्टि और दृश्यमान जगत में जो भी विद्यमान है वह पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पाँच महाभूतों या तत्वों से ही बना हुआ है। साथ ही यह भी एक तथ्य है कि हमारे शरीर के स्तर पर यही सारे तत्व हमारा भी निर्माण करते हैं जैसा कि रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदासजी की प्रसिद्ध उक्ति – क्षिति जल पावक गगन समीरा पंचरचित अति अधम सरीरा - में ध्वनित होता है । इन पाँच भूतों का अस्तित्व और महत्व सामान्यतया हमारे ध्यान में नहीं आता । इन्हें धरोहर न मानकर ख़ैरात में मिली अपनी सम्पत्ति मानते हैं और इनकी अवहेलना और दुरूपयोग करने से बाज नहीं आते ।आज हमारा पर्यावरण ख़तरे में हैं । जल , वायु और पृथ्वी सभी घनघोर प्रदूषण की चपेट में आ रहे हैं। इनमे से वातावरण प्रदूषित और क्षुब्ध हो चला है । श्वांस प्रश्वास तो प्राण का आधार है वह भी प्रभावित हुआ । इनसे परे स्वयं को सारी सृष्टि का केंद्र मान बैठना और उसी केंद्र को परम सत्य मन कर आचरण और व्यवहार हमारा अभ्यास बनाता गया। हमने पर्यावरण के बीच का आधारभूत साम्य भुला दिया है। अहंकारदीप्त मनुष्य अपने को श्रेष्ठ मान बैठा और खुद को उपभोक्ता और पर्यावरण को उपभोग्य बना दिया।

आज तटस्थ भाव से आत्मावलोकन और आत्मपरीक्षा जीवन की एक बड़ी आवश्यकता हो चली है। इसी से मानवीय विवेक का उदय होगा। इसके लिए योग की सहायता से हम अपनी स्वयं अपनी अंतर्यात्रा करते हैं । यानी अपने भीतर झांकते हुए शरीर, मन और आत्मा के साथ संवाद करते हैं और अपनी कमियों को दूर करते हुए आत्मोन्नयन के लिए उद्यत होते हैं। जीवन के विस्तृत प्रांगण में आनंद और सौंदर्य अपने सीमित स्व से परे जा कर ही मिलता है। योग इसी का प्रशस्त यात्रापथ है जिसका उद्देश्य अपने स्वरूप को पहचान कर अपने नियत कर्तव्य पर आगे बढ़ना है। कर्म में कुशलता ले आने का प्रयोजन अपना तथा अपने देश और समाज का अभ्युदय करना है।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# चेतना के दो रूप हैं कैलाश और केदार



कैलाशी पीयूष शर्मा

हर साल जून का महीना उत्तराखंड त्रासदी के जख्म हरे कर जाता है। 16 जून 2013-यह एक ऐसा कालखंड है, जिसे स्मरण करते ही हिमालय की शांत घाटियां सिसकियां भरती प्रतीत होती हैं और पवित्र नदियां अपने प्रवाह में एक गहरी वेदना लेकर बहती हैं। उत्तराखंड की इस त्रासदी ने हजारों श्रद्धालुओं, यात्रियों, ग्रामीणों और जीवन से भरे घाटियों को चिर शांति में लीन कर दिया। यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं थी, यह उस चेतावनी का रूप थी जिसे प्रकृति ने हमें चेतने के लिए भेजा था।

मैं स्वयं उस समय कैलाश मानसरोवर यात्रा पर था। यह यात्रा उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल से होकर निकलती है-अल्मोड़ा, धारचूला, नारायण स्वामी आश्रम से होते हुए भारत-नेपाल की सीमा रेखा काली नदी के किनारे-किनारे चलते हुए यात्री लिपुलेख दर्रे को पार कर तिब्बत (अब चीन-शासित क्षेत्र) की ओर बढ़ते हैं, जहां श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के पावन धाम कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन के साथ परिक्रमा लगाते हैं फिर ब्रह्मा जी के मानस से निर्मित पवित्र मानसरोवर झील में स्नान कर हवन-पूजन कर अपने आप को धन्य अनुभव करते है।

किंतु उसी समय 15 जून की रात्रि से ही गढ़वाल मंडल की केदार घाटी में भीषण त्रासदी प्रकट हो रही थी। मूसलधार बारिश, बादल फटने और भूस्खलनों ने वहां का पूरा जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। हजारों श्रद्धालु असमय काल के ग्रास बने। असंख्य परिवार उजड़ गए। और उस तीर्थभूमि ने रक्त और आंसू का ऐसा संगम देखा, जिसे कोई शब्द पूर्णतः व्यक्त नहीं कर सकता।

हमारा जत्था हिमालय की ऊंचाइयों में था। मौसम की मार से रास्ते बंद हो गए थे। संपर्क कट चुका था और आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति भी बाधित हो चुकी थी। बाद में वायुसेना के वीरों ने हमें हेलीकॉप्टरों से सुरक्षित निकाला। लेकिन उस संकट की घड़ी में, पूज्य गुरुजी की एक सीख गूंजती रही-"पहाड़ पर पहाड़ जैसे रहना, जैसा वह रखे वैसा रहना।" इसने हमें संयम, श्रद्धा और संकल्प के साथ परिस्थिति को स्वीकारने और आनंद के साथ जीने की शक्ति दी।

कैलाश यात्रा अपने आप में केवल एक तीर्थयात्रा नहीं है-यह आत्मा की यात्रा है। यह रोमांच से अधिक आत्मसमर्पण की यात्रा है। जहां सांसें थम जाती हैं, वहीं ध्यान जागता है। हिमालय की गोद में शिव स्वयं उपस्थित हैं-वटवृक्ष नहीं, ऊंचे पर्वत ही उनके आसन हैं। यहां मनुष्य को अपने सबसे सूक्ष्म रूप में अपने आप से साक्षात्कार होता है।

उत्तराखंड की संस्कृति हिमालय जितनी ही ऊंची और नदियों जितनी ही गहराई लिए होती है। यहां के गांवों में लोकगीतों में शिव बसते हैं, और यहां की स्त्रियां दुर्गा की तरह श्रमशील और शक्तिशाली होती हैं। यहां के बच्चे भी गाय-भेड़ें चराते हुए नंदा देवी की कहानी सुनाते हैं। यह केवल भौगोलिक भूमि नहीं, यह देवभूमि है-जहां प्रकृति और परमात्मा दोनों का साक्षात्कार होता है।

2013 की आपदा ने हमें यह सिखाया कि प्रकृति के साथ संतुलन ही उत्तर है। यदि हमने अपने पहाड़ों को, नदियों को, और पर्वतीय जीवनशैली को नहीं समझा, तो यह सौंदर्य विनाश का कारण बन सकता है। आज हम उन सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जो केदार घाटी की त्रासदी में कालवश हो गए। वे तीर्थ यात्री नहीं, हमारे सनातन विश्वास के वीर सैनिक थे, जिन्होंने परम पथ की ओर यात्रा करते हुए देह का त्याग किया।

और साथ ही, यह भी प्रण लें कि हिमालय की गोद में बसे इस प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखें। विकास के नाम पर विनाश की राह न चुनें। यात्राओं को श्रद्धा और संयम से करें। पर्यावरण के नियमों और स्थानीय संस्कृति के साथ समन्वय बनाकर आगे बढ़ें। कैलाश और केदार दोनों एक ही चेतना के दो रूप हैं। एक मौन तपस्या है, दूसरा प्रकट करुणा। और दोनों हमें यही सिखाते हैं-जो गया है, वह भी शिव में लीन हुआ है। और जो बचा है, वह भी शिव की इच्छा से ही बचा है। ॐ नमः शिवाय। ॐ शांति! शांति!! शांति!!!

दुर्भाग्य से केदारनाथ त्रासदी में मारे गए लोगों की पहचान 12 साल बाद भी रहस्य बनी हुई है। बड़ा रहस्य उन 702 लोगों की पहचान का है, जिनके डीएनए नमूनों की रिपोर्ट पुलिस के पास है। आपदा में लापता हुए अपनों की पहचान के लिए 6000 से अधिक लोगों ने अपने डीएनए नमूने लैब को दिए थे। इनमें से भी इन 702 लोगों की पहचान नहीं हो पाई। ऐसे में अब इन डीएनए नमूनों का अपनों के लिए इंतजार बढ़ता जा रहा है।

भारत में सदी की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक 2013 केदारनाथ त्रासदी में देश के हजारों परिवारों ने अपनों को खोया था। पुलिस ने कई हजार लोगों को बचाया भी था, लेकिन केदार घाटी और आसपास के इलाकों में वर्षों तक शव और उनके हिस्से पुलिस को मिलते रहे हैं। सैकड़ों शवों और कंकालों का पुलिस ने ही अंतिम संस्कार कराया था।आज भी कहीं-कहीं कंकाल और अवशेष मिलते रहते हैं।

**(लेखक, धर्म और आस्था के केंद्रों के यायावर हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7450

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7449 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## शब्द पहेली - 8513

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

### ऊपर से नीचे

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

### शब्द पहेली -8512 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ज | ग | ■ | ह | सी | न | ■ |
| वा | दा | ■ | र | ■ | म | ■ | व | ध |
| प | ■ | फि | ल | हा | ल | ■ | ■ | मा |
| सी | र | त | ■ | नि | ■ | रु | ब | ल |
| ■ | ■ | र | ज | ■ | न | ख | ■ | ■ |
| नी | जा | त | ■ | जो | ■ | सा | हि | ल |
| र | ■ | ■ | क | र | ता | र | ■ | ह |
| व | श | ■ | स | ■ | मी | ■ | ता | जा |
| ■ | क | ल | म | ■ | ल | की | र | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का पंचांग

शनिवार 2025 वर्ष का 172 वां दिन, दिशाशूल पूर्व ऋतु वर्षा। विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947, मास आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) पक्ष कृष्ण तिथि दशमी 07.19 बजे तदनन्तर एकादशी 04.28 बजे रात्र को समाप्त। नक्षत्र अश्विनी 19.50 बजे को समाप्त। योग अतिगण्ड 20.29 बजे को समाप्त। करण विष्टि 07.19 बजे, बव 17.56 बजे तदनन्तर बालव 04.28 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 24.9 घण्टे रवि क्रान्ति उत्तर 230 26

## आज का राशिफल




**मेष :** शनै:-शनै: स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। प्रेमभाव बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

**धनु :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर :** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुम्भ :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**मीन :** मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-5

# आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष लेख : 'योग करता है चमत्कार, योग पैरों में सूजन, कमर दर्द, अनिद्रा, गैस, एसिडिटी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, मोटापा और मांसपेशियों के दर्द से दिलाता है राहत

- गर्भावस्थवृ में वृक्षासन, ताड़ासन, मांजरी आसन, मरकट आसन, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी व उदगीत प्राणायाम है लाभकारी
- वलसाड की एक महिला ने लगातार आठ महीने योग-प्राणायाम करने के बाद सामान्य प्रसव से स्वस्थ बच्चे को दिया जन्म
- मातृत्व के 9 महीने का सफर योग-प्राणायाम के कारण जीवन भर के लिए सुखद अनुभवों में बदल दियाः- चांगुना टंडेल

तरूण मित्र, श्यामजी मिश्रा



वलसाड जिला। "मातृत्व धारण करना हर महिला के लिए दुनिया का सबसे सुखद अनुभव होता है। नौ महीने का यह सफर भावनाओं से भरा होता है, लेकिन ये नौ महीने एवरेस्ट चढ़ने से कम नहीं होते। इस दौरान गर्भवती महिला को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना पड़ता है। "इसलिए गर्भावस्था के दौरान योग वरदान साबित हो सकता है।" ये शब्द वलसाड के कोसंबा गांव के पारधी फलिया में रहने वाली एक मां के हैं। उन्होंने योग के जरिए एक, दो नहीं बल्कि तीन बार सामान्य प्रसव से स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया है। आजकल जंक फूड और बढ़ती मोटापे की दर के बीच योग वाकई चमत्कार करने की ताकत रखता है। सिजेरियन (सी-सेक्शन) प्रसव की बढ़ती दर के बीच योग ने कई गर्भवती महिलाओं को सामान्य प्रसव के साथ-साथ मां और बच्चे के स्वस्थ स्वास्थ्य की उम्मीद दी है। तो आइए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जानते हैं कि गर्भावस्था के दौरान कौन से योग और प्राणायाम आसानी से किए जा सकते हैं और मातृत्व के सफर को बेहद खूबसूरत बना सकते हैं। गुजरात राज्य योग बोर्ड के वलसाड के योग ट्रेनर व योग द्वारा तीसरी बार नॉर्मल डिलीवरी करवाने वाली कोसंबा की चांगुना मनिष टंडेल का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान हर महिला को अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान किए जाने वाले योग आसनों को "प्रिनेटल योग" कहा जाता है। ये शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं। प्रसव पूर्व योग कैसे करें, इस बारे में वह आगे कहती हैं कि सभी योग क्रियाएं गर्भवती महिला को पहली तिमाही, दूसरी तिमाही और तीसरी तिमाही के हिसाब से की जाती हैं। पहली तिमाही में मैंने अपनी प्रेगनेंसी के दौरान रोजाना 40 मिनट तक वॉक की और योग में वृक्षासन, ताड़ासन, मांजरी आसन और मरकट आसन करती थीं। इसके अलावा प्राणायाम में अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी और उदगीत प्राणायाम किया जो फायदेमंद रहा। जिससे उल्टी और बीपी की समस्या दूर हुई। दूसरी तिमाही में प्रेगनेंसी परिपक्व होने के साथ वजन बढ़ता है। अधिक वजन नॉर्मल डिलीवरी के लिए उपयुक्त नहीं होता। चूंकि इस समय कमर दर्द ज्यादा होता है, इसलिए सेतुबंधासन, मलासन, मांजरी आसन और मरकट आसन उपयोगी हैं। प्राणायाम नियमित रूप से करना चाहिए। तीसरी तिमाही में प्रेगनेंसी तैयार होती है। इस समय सर्वांगासन, सेतुबंधासन, तितली आसन और मलासन उपयोगी हैं। इसके अलावा डक वॉक और दिवार को लगती एक्सरसाइज फायदेमंद हैं। प्रिनेटल योग गर्भवती महिलाओं को चिंता, तनाव और अवसाद से मुक्ति दिलाता है। इसलिए 1 से 9 महीने तक नियमित योग और प्राणायाम के साथ-साथ खान-पान पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है। अपने शरीर की क्षमता के अनुसार डॉक्टर और योग विशेषज्ञ की मौजूदगी में योग का अभ्यास करना जरूरी है। भारी वर्कआउट या कठिन योग आसन नहीं करने चाहिए। कुछ महिलाएं गर्भावस्था के दौरान बिना किसी की सलाह के सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर योग करना शुरू कर देती हैं, लेकिन आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। योग करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें और योग विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में ही इसे करें। हर गर्भवती महिला को अपने शरीर और गर्भावस्था की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए योग का अभ्यास करना चाहिए। इस दौरान पर्याप्त नींद और संतुलित-पौष्टिक आहार भी उतना ही जरूरी है।

गर्भावस्था के दौरान योग करने से पैरों में सूजन, कमर दर्द, अनिद्रा, गैस, एसिडिटी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, मोटापा और मांसपेशियों के दर्द से राहत मिलती है। गर्भावस्था का चरण जितना खास होता है, उतना ही मुश्किल भी होता है। जब महिला गर्भवती होती है, तो एक तरफ उत्साह और खुशी होती है, तो दूसरी तरफ प्रसव पीड़ा भी होती है। इन सभी स्थितियों के बीच योग उसे तमाम चुनौतियों का सामना करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। योग न केवल मां के लिए बल्कि गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए भी फायदेमंद है। योग मन को शांत रखता है और शरीर में ऊर्जा बनाए रखता है। योग विशेषज्ञ चांगुना टंडेल का कहना है कि गर्भावस्था के नौ महीनों के दौरान हार्मोनल परिवर्तन और मानसिक स्थिति में बदलाव होते हैं। योग तनाव और नकारात्मक भावनाओं से राहत देता है। गर्भावस्था के दौरान योग का अभ्यास एक कारगर औषधि के रूप में काम करता है। योग धैर्य सिखाता है और व्यक्ति को निडर बनाता है।

### योगाभ्यास के कारण ही मैं नौकरी कर पाई और साढ़े आठ महीने तक निशुल्क योग कक्षाएं चला पाईः चांगुना टंडेल

गुजरात राज्य योग बोर्ड, 108 एम्बुलेंस सेवा व सिविल हास्पिटल में प्रसूति के संदर्भ में राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए चांगुना टंडेल कहती हैं कि निजी अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए 2200 रुपए खर्च करने पड़ते हैं, जबकि सिविल अस्पताल में मेरी दो निःशुल्क सोनोग्राफी हुई। 28 अप्रैल 2025 को रात 1 बजे प्रसव पीड़ा होने पर मैंने 108 सेवा का लाभ लिया और सिविल अस्पताल में सामान्य प्रसव हुआ। मेरी तीनों ही डिलीवरी सामान्य रहीं। वर्तमान में मेरा सबसे बड़ा बेटा कृणाल 15 साल, बेटी काव्या 9 साल और बेटा अंश डेढ़ महीने का है। दूसरे प्रसव के बाद 10 साल का अंतराल था, मेरी उम्र भी 37 साल थी, मुझे सांस लेने में दिक्कत होती थी, लेकिन नियमित योगाभ्यास के कारण मैं साढ़े आठ महीने तक काम कर पाई और राज्य योग बोर्ड की निःशुल्क कक्षाएं भी संचालित कीं।

## वलसाड के कोसंबा में सरकारी आयुर्वेद अस्पताल द्वारा स्कूल में योग शिविर का आयोजन

तरूण मित्र



**वलसाड जिला।** गुजरात सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रेरित नियामक आयुष कार्यालय गांधीनगर द्वारा संचालित तथा वलसाड जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन अंतर्गत विश्व योग दिवस के 100 दिवस समारोह के भाग रूप जिला पंचायत के कोसंबा में स्थित आयुर्वेद अस्पताल द्वारा माध्यमिक विद्यालय कोसंबा में योग शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वाति चौधरी द्वारा बच्चों को अष्टांग योग विषय पर व्याख्यान दिया गया। योग का क्षेत्र बहुत विशाल है। योग "अष्टांग योग" के नियमित अभ्यास से शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने और आत्मा तक पहुंचने का विज्ञान है। योग में नियमितता बहुत जरूरी है। "अष्टांग योग" में (1) यम - अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह। (2) नियम - शुद्धि, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर की आराधना (3) आसन (4) प्राणायाम (5) प्रत्याहार (6) धारणा (7) ध्यान (8) समाधि। इन मुख्य आठ अंगों के गुप्त ज्ञान को जानना, समझना और नियमित रूप से उसका पालन करना शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक प्रगति के माध्यम से संभव है। "वसुधैव कुटुम्बकम" का आदर्श केवल योग के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। आंतरिक शांति के माध्यम से ही विश्व शांति संभव है। योग में नियमितता आवश्यक है। बच्चों और युवाओं के लिए भावी जीवन चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक है। वर्तमान में बच्चों और युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती दर को योग के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए स्कूलों और कॉलेजों में सप्ताह में दो बार नियमित योग सत्र को अध्ययन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। ताकि योग को गहराई से समझा जा सके। नियमित 10 मिनट का ध्यान आपके जीवन को बदल सकता है। यह आपकी आभा को साफ करता है, आपकी ऊर्जा को साफ करता है और नकारात्मक ऊर्जा से सुरक्षा और शांति प्रदान करता है। यह प्राकृतिक संतुलन को भी बहाल करता है।

## कांदिवली में पौधारोपण अभियान में शामिल हुए पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी

तरूण मित्र

**मुंबई।** चारकोप विधानसभा वार्ड क्रमांक 21 की पुर्व नगरसेविका प्रतिभा गिरकर द्वारा महावीर नगर, कांदिवली में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस पौधारोपण अभियान की शुरुवात की और स्वयं भी पौधारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए धरती को हरियाली से आल्हादित और आक्षादित रखने का नागरिकों को जागरुकतापूर्ण संदेश दिया। इस अवसर पर जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ, चारकोप विधान सभा के विधायक योगेश सागर, पूर्व विधायक विजय भाई गिरकर, मंडल अध्यक्ष प्रमोद घाग और पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर यूथ कांग्रेस गोगुंदा, उदयपुर देहात के कार्यकर्ताओं ने किया छाछ वितरण

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो



गोगुन्दा.गोगुन्दा विधानसभा में युवा कांग्रेस उदयपुर देहात (गोगुन्दा) द्वारा लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर छाछ वितरण का कार्यक्रम रखा गया !तथा जातिगत जनगणना हेतु उनका आभार प्रकट किया गया . इस दौरान उदयपुर देहात कार्यकारी जिलाध्यक्ष बालू भील,उदयपुर देहात कांग्रेस महासचिव कुशलेश चौधरी,विधानसभा अध्यक्ष गोगुन्दा शक्ति सिंह झाला,जिला उपाध्यक्ष रवि शर्मा, जिला महासचिव दिनेश जोशी, विधानसभा गोगुन्दा माहसचिव दुष्यंत शर्मा, मावली विधानसभा महासचिव योगेश पुष्करणा आदि कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों की भागीदारी रही !

## वलसाड जिला के ग्राम पंचायत चुनाव में मतदान के लिए श्रमिकों को देनी होगी छुट्टी

तरूण मित्र

**वलसाड जिला।** वलसाड जिला में ग्राम पंचायत चुनाव का मतदान रविवार, 22/06/2025 को सुबह 07-00 बजे से शाम 06-00 बजे तक होगा। तब, उस क्षेत्र के गुजरात शॉप एण्ड एस्टाब्लिशमेंट्स (रोजगार और सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम-2019 के तहत पंजीकृत संस्थानों के श्रमिकों/कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए, वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में, ऐसे कर्मचारियों/श्रमिकों को इस दिन या जिस दिन साप्ताहिक अवकाश हो, उस दिन चुनाव के तहत पूरे क्षेत्र में मतदान के लिए रोटेशन के आधार पर तीन घंटे का विशेष अवकाश दिया जाना चाहिए, संस्थानों को खुला रखने की व्यवस्था की जानी चाहिए और इसके बदले में मतदान के दिन छुट्टी दी जानी चाहिए, ऐसा वलसाड जिला सहायक श्रम आयुक्त जीएम भुटका ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है।

## ऑटो पर बैठा सुनसान जगह पर करता लूटपाट, गिरफ्तार

एजेंसी, पटना



पटना के वेस्ट इलाके में पुलिस ने बेल ऑउट प्रोसेस शुरू कर दिया है। इसके तहत बेल पर बाहर आए अपराधियों की गतिविधि की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। वो जेल से छूटने के बाद क्या कर रहे हैं, इसका वैरिफिकेशन किया जा रहा है। पटना वेस्ट SP भानु प्रताप सिंह ने बताया कि समीर कुमार उर्फ गोलू को पकड़ा गया है। हाल ही में बेल पर रिहा हुआ है। पुलिस देर रात जांच पड़ताल करने निकली थी, इसी दौरान ऑटो में बैठकर पिस्टल के साथ समीर अपराध की योजना बना रहा था।

**राहगीरों को करता था टारगेटः** जेल से रिहा होने के बाद समीर उर्फ गोलू भोले-भाले राहगीरों को अपना निशाना बनाता था। रात के समय जहां लोग चौपाल लगाकर बैठे होते थे, वहां टारगेट करता था। इसके अलावा अपने ऑटो पर राहगीरों को बैठाता था। फिर सुनसान जगह पर हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम देता था। पटना वेस्ट SP भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले में समीर के अलावा अन्य लोगों की भी संलिप्तता खंगाल रही है। इसके अलावा बेल ऑउट प्रोसेस के तहत बेल पर बाहर आए दूसरे अपराधियों की इलाके में क्या गतिविधि है, इसका वैरिफिकेशन किया जा रहा है।

## लूट-फायरिंग करने के 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं, पुलिस अपराधी को खोज रही

एजेंसी, पटना

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के पोलो रोड में गुरुवार को अपराधियों ने राहुल नाम के लड़के से लूटपाट के दौरान फायरिंग की थी। घटना गुरुवार की सुबह उस वक्त हुई जब कौशल नगर का रहने वाला राहुल ड्यूटी जा रहा था। फिलहाल इस मामले में 24 घंटा बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। अपराधियों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। SDPO सचिवालय डॉक्टर अनु कुमारी ने बताया कि छानबीन की जा रही है। इसमें कोई नई अपडेट नहीं है।

**डॉग स्क्वायड और FSL ने भी की जांचः** घटना के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर डॉग स्क्वायड और FSL की टीम बुलाकर जांच कराई गई। कुछ लोगों से इस मामले में पूछताछ भी हुई है। लेकिन ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी है।



♦ पटना के पोलो रोड की घटना, तेजस्वी यादव ने उठाए थे सवाल

**मोहल्ले के डॉक्टर के यहां काम करता था राहुलः** सूत्रों की मानें तो राहुल कौशल नगर मोहल्ले में ही एक डॉक्टर के यहां काम करता था। यहां से काम छोड़कर किसी दूसरे डॉक्टर के यहां गाड़ी चलाने चला गया था। जिसके चलते दोनों के बीच मनमुटाव भी हुआ था।

**दो राउंड फायरिंगः** राहुल के परिजन के मुताबिक राहुल से पहले अपराधियों ने पहले लूट की वारदात को अंजाम दिया। फिर उसके ऊपर दो राउंड फायरिंग की, लेकिन राहुल इस घटना में बाल-बाल बच गया।

## ट्रेन में यात्री से पैसे मांगने पर मारपीट, किन्नर गिरफ्तार, 6 किन्नरों ने किया था हमला

♦ अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में यात्री से पैसे मांगने पर हुई थी मारपीट

एजेंसी, पटना



दानापुर-बक्सर रेलखंड में अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में यात्री से पैसे मांगने और मारपीट के मामले में पुलिस ने एक किन्नर को गिरफ्तार किया है। बक्सर निवासी निशा कुमारी की पहचान आरोपी के रूप में हुई है। पटना रेल एसपी अमरतेंदु शेखर ठाकुर ने बताया कि घटना 19 जून को हुई। पटना निवासी सुबोध कुमार पंडित दीनदयाल उपाध्याय से आरा की यात्रा कर रहे थे। बिहिया के पास किन्नरों ने उनसे पैसे मांगे। सुबोध ने मना करने पर किन्नरों ने उनके साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरा स्टेशन पहुंचकर जीआरपी को शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी कंचन राज के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**यात्री के साथ जमकर मारपीट की थीः** पीड़ित सुबोध ने बताया कि 5-6 किन्नरों ने उन पर हमला किया। उन्होंने उनके गुप्तांग समेत शरीर के कई हिस्सों पर वार किया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दानापुर-बक्सर और पटना-गया रेलखंड में पिछले कुछ महीनों से किन्नरों द्वारा यात्रियों से जबरन वसूली की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस ने परंपरागत किन्नर समुदाय के सहयोग से इस तरह की घटनाओं को रोकने की पहल की है।

## प्रेमी के साथ गई लड़की की मां बोली- दबाव बनाकर सुप्रीम कोर्ट में गलत बयान दिलवाया जा रहा

एजेंसी, पटना

पटना में एक नाबालिग लड़की के सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाने के बाद उसकी मां ने नई बात सामने रखी है। मां ने बताया कि उन्हें टीबी है और पति भी बीमार हैं। इसी वजह से उन्होंने बेटी की शादी साढ़े 16 साल की उम्र में की थी। मां ने बताया कि उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। वह अपने जीते जी सभी बेटियों की शादी करना चाहती हैं। उन्होंने 9 दिसंबर 2024 को बेटी की शादी आरा के एक प्राइवेट जॉब करने वाले लड़के से की थी। 31 मार्च 2025 को मैट्रिक का रिजल्ट आने के बाद बेटी मिठाई लेने बाजार गई थी। तब से वह लापता है। खोजबीन के बाद पता चला कि बेटी डेढ़ साल से मनेर के माधोपुर निवासी सौरभ कुमार से इंस्टाग्राम पर बात करती थी।

**4 अप्रैल 2025 को दर्ज कराया था मामलाः** मां ने 4 अप्रैल 2025 को पटना के पिपलावा थाना में बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराया। उनका आरोप है कि सौरभ और उसके परिवार ने बेटी का अपहरण किया है। अब उस पर दबाव बनाकर सुप्रीम कोर्ट में गलत बयान दिलवाया जा रहा है। मां ने बेटी की जान को खतरा बताया है। फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी 2 दीपक कुमार ने बताया कि इस मामले में उन्होंने कुछ लोगों को नामजद किया है। लगातार छापेमारी की जा रही है। कई लोगों से पूछताछ भी की है। कई लोगों के मोबाइल के लोकेशन को सर्विलांस पर रखा गया है। जो भी लोग इस मामले में संलिप्त पाए जाएंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, बच्ची ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर अपनी शादी को रद्द करने का गुहार लगाई है। बच्ची का यह मानना है कि अभी उसकी उम्र 16 वर्ष है। उसकी शादी एक 32 वर्ष के युवक से जबरन कर दी गई है।

**शादी को रद्द करने की दायर की है याचिकाः** बच्ची ने अपनी शादी को बाल विवाह करार देते हुए न्यायालय से इसे रद्द करने का गुहार लगाइए। अपने याचिका में बच्ची ने आरोप लगाया है कि उनके पति द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। अभी वह पढ़ लिखकर कुछ बनना चाहती है। बच्ची ने यह भी आरोप लगाया है की शादी के बाद उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। जिससे वह ससुराल नहीं जाना चाहती है। वह अपनी जिंदगी नए तरीके से जीने के लिए 31 मार्च को अपने एक दोस्त सौरभ के साथ वह घर से भागी थी। सौरभ ने उसकी काफी मदद की है।

**कोर्ट ने दिल्ली और बिहार पुलिस को जारी किया है नोटिसः** अपनी मां के दायर किए गए अपहरण मामला को गलत बताते हुए कहा कि परिवार के लोग यह चाहते हैं कि दबाव में आकर वह वापस ससुराल लौट जाए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद दिल्ली और बिहार पुलिस को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने लड़की और उसकी मदद करने वाले उनके दोस्त को सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। न्यायालय की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होने की बात बताई गई है।

## श्री श्री 1008 लक्ष्मण दास जी महाराज की प्रथम पुण्य तिथि पर अयोध्या धाम बाला हनुमान जी श्री 108 देवदास महाराज के सानिध्य में आयोजन हुआ



दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

**देसूरी।** श्री श्री 1008 लक्ष्मण दास जी महाराज की प्रथम पुण्य तिथि पर अयोध्या धाम बाला हनुमान जी श्री 108 देवीदास महाराज के सानिध्य में आयोजन हुआ, समस्त ग्राम वासी गुरु भक्तों आज दिन महिला मंडल द्वारा भजनों का आनंद लिया गया उसके बाद हनुमान चालीसा मंडल द्वारा भक्ति मय सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन हुआ उसके शाम संगीतमय भजनों का आयोजन हुआ पूरी रात्रि मैं भक्ति की सरिता बही, सुबह में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया गुरु भक्तों ने प्रसादी का आनंद लिया।

# आजमगढ़ आतंक का नहीं अदम्य साहस का गढ़

## लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर बोले सीएम योगी

**आजमगढ़ , एजेंसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को आजमगढ़ पहुंचे। उन्होंने सलारपुर में आयोजित कार्यक्रम में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। जनसभा स्थल पर नंद गोपाल नंदी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीएम ने लोकार्पण कर जनता को संबोधित किया। कहा कि अब आजमगढ़ आतंक का गढ़ नहीं अदम्य साहस का गढ़ बन गया है।

सीएम योगी ने कहा कि वीर कुंवर सिंह ने 1857 में लड़ी आजादी की लड़ाई अगर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होता रोड कनेक्टिविटी तेज होती तो तभी आजमगढ़ के साथ पूरा देश आजाद होता। कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वाले पूर्वांचल में सिर्फ वोट मांगने आते थे, आज प्रयागराज में गंगा एक्सप्रेसवे को सोनभद्र से जोड़ते हुए विकास की गंगा बह रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। काशी, विंध्याचल, चित्रकूट,



अयोध्या के बाद अब तो हम मथुरा और वृंदावन की तरफ भी भिड़ गए हैं। कहा कि विरासत के साथ-साथ विकास पर भी काम करेंगे। सीएम ने कहा जो सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करेगा, पहले से उसका टिकट रिजर्व कर दिया जाएगा। पहले विकास के नाम पर यह लोग डी कंपनी को पालते थे, यानी दाउद कंपनी। हमारी सरकार ने ऐसे लोगों को जहन्नुम का टिकट दे दिया। गौरतलब है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़े गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 91.35 किमी है। यह गोरखपुर के एनएच-27 पर जैतपुर के पास शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से मिलता है। चार जिलों गोरखपुर,संतकबीरनगर, आंबेडकरनगर और आजमगढ़ से होकर गुजरने वाला यह एक्सप्रेस-वे भविष्य में छह लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण सहित 7283.28 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसका निर्माण दो भाग में गोरखपुर के जैतपुर से अंबेडकरनगर के फुलवरिया तक (48.317 किमी) और फुलवरिया से आजमगढ़ के सलारपुर तक (43.035 किमी) किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक क्लिक से खुलेगा बंदियों का आपराधिक इतिहास, ऑनलाइन डेटा फीडिंग शुरू

**गुगरापुर(कन्नौज) , एजेंसी।** अब अपराधियों का रिकार्ड खंगालने के लिए रजिस्टर पलटने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एक क्लिक पर बंदी का पूरा आपराधिक इतिहास निकल कर सामने आ जाएगा। इससे पुलिस और जेल प्रशासन को काफी सुविधा मिलेगी। जिला जेल में अपराधियों का डेटा ऑनलाइन फीडिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

वर्ष 1980 में नाम, पिता का नाम, निवास, पहचान चिन्ह आदि लिखे जाते थे और अपराधियों का केवल अंगूठे का निशान लगता था। वर्ष 1990 के बाद ब्लैक एंड व्हाइट फोटो लगना शुरू हुआ। बाद में अपराधियों की पहचान, उनके नाम-पता सब लिखा जाने लगा था। अब पिछले कई साल से अपराधियों का रंगीन फोटो रजिस्टर पर चस्पा हो रहा है। उनका पूरा हुलिया और नाम पता सब कुछ दर्ज होता है, लेकिन यह रिकार्ड ऑनलाइन नहीं होता था। जेल में ज्यादा रिकार्ड एकत्र हो जाने की वजह से पिछला रिकार्ड हटा दिया जाता था। जब कभी पुराने रिकार्ड की आवश्यकता पड़ती है तो जेल प्रशासन को खोजबीन में काफी परेशानी होती है। अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि जेल प्रशासन द्वारा जेल के सभी अपराधियों का डाटा ऑनलाइन अपलोड कराया जा रहा है। इससे एक क्लिक से ही किसी भी अपराधी का पूरा आपराधिक इतिहास खुलकर सामने आ जाएगा। इससे पुलिस व जेल प्रशासन को काफी राहत मिलेगी। जेल में इस समय करीब 526 बंदी और कैदी हैं। अब तक जो बंदी जेल आ रहे थे या आ रहे हैं और अपनी जमानत करवा कर बाहर जा रहे हैं, उनका सारा रिकार्ड रजिस्टर पर दर्ज किया जाता है। अब जेल प्रशासन द्वारा अपराधियों का डाटा ऑनलाइन अपलोड कराया जा रहा है। इसमें अपराधी का रंगीन फोटो, अंगूठा निशानी, हुलिया, नाम पता सबकुछ ऑनलाइन हो जाएगा, जिसे कभी भी कहीं से भी देखा जा सकता है। अपराधी के खिलाफ कितने मुकदमे दर्ज हैं, वह कब तक जेल में रहा, कब जमानत हुई। सारा रिकार्ड एक क्लिक पर प्राप्त हो जाएगा।

### दुर्घटना बाहुल्य चकलवंशी चौराहे को चौड़ा करने का काम शुरू

**उन्नाव , एजेंसी।** चकलवंशी। जाम से निजात दिलाने के लिए दुर्घटना बाहुल्य स्थल में चिह्नित चकलवंशी चौराहे की चौड़ाई बढ़ाने का काम शुरू हो गया है। गुरुवार को चौराहे के पास एक तरफ की पटरी की खोदाई शुरू करा दी गई। इससे जाम की स्थिति बनी रही। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर पड़ने वाला चकलवंशी चौराहा काफी व्यस्त रहता है। इस चौराहे से हरदोई, उन्नाव, कानपुर, लखनऊ आने-जाने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। चौराहा छोटा होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति रहती है। पूर्व में लोक निर्माण विभाग ने चौराहा बड़ा कर चारों मार्गों को चौड़ा करने का प्रस्ताव भेजा था। मंजूरी मिलने के बाद गुरुवा से काम शुरू हुआ।। लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के एक्सईएन सुबोध कुमार के मुताबिक, चौराहे से परियर, उन्नाव, हरदोई और संडीला मार्ग की ओर चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। परियर मार्ग को 20 मीटर व अन्य तीन मार्गों की तरफ 26-26 मीटर चौड़ा किया जाना है। इसके साथ ही चौराहे पर दुर्घटना रोकने के कई अन्य कार्य कराए जाएंगे।

### ट्रक के पीछे टकराई कार, चालक समेत चार घायल

**तालग्राम , एजेंसी।** सुल्तानपुर जाते समय कार चालक को झपकी आने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में चालक समेत चार लोग घायल हो गए। चालक ट्रक समेत भाग जाने में सफल रहा। यूपीडा और एटलस गश्त दल ने घायलों को अस्पताल भेजा।

राजस्थान के जिला टोंक के थाना पचबेल बरौल निवासी राकेश कुमार (30) कार से सुल्तानपुर जा रहे थे। साथ में दिलखुश (25), शारतलराम रौनी (30) और थाना नुक्कड़ डिग्गी निवासी कोमल दुबे (25) भी थीं।

## यूपी के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बुधवार से दक्षिणी हिस्से से शुरू हुई मानसूनी बारिश का दायरा धीरे- धीरे तराई, मध्य और पश्चिमी इलाकों तक बढ़ने लगा है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को प्रदेश में बारिश के क्षेत्रफल और तीव्रता में और बढ़ोतरी आएगी। शुक्रवार के लिए पूर्वी-दक्षिणी यूपी और बुंदेलखंड के बांदा, झांसी, ललितपुर समेत कुल 12 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही मध्य व पश्चिमी यूपी के 23 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। वहीं प्रदेश के 55 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। बारिश के दौरान इन इलाकों में तेज झोंकेदार हवाएं चलने के आसार हैं।

प्रदेश में मानसून के दाखिल होने के साथ ही बृहस्पतिवार को फिरोजाबाद में सर्वाधिक 120 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं आगरा, मथुरा, अलीगढ़, फिरोजाबाद, इटावा, बुलंदशहर, मेरठ, बरेली, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, वाराणसी, सुल्तानपुर में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 20 जून को यूपी के विभिन्न हिस्सों में बारिश की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा।

**भारी से बहुत भारी वर्षा के लिए ऑरेंज अलर्ट:** बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

### यहां है मेघगर्जन व वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में।

## कानपुर डीएम और सीएमओ विवाद: अखिलेश यादव बोले- सच सामने लाने के लिए उच्चस्तरीय जांच की जाए

**लखनऊ, एजेंसी।** कानपुर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह पर अभद्र टिप्पणी करने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के मामले में सीएमओ हरिदत्त नेमी को निलंबित किया जा चुका है। मामले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल साइट एक्स पर बयान जारी करते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि ईमानदार ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकता है।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, कानपुर के डीएम बनाम सीएमओ के बीच की टकराहट का सच सामने लाने के लिए एक उच्चस्तरीय, निष्पक्ष जांच बैठाई जाए।

कानपुर के जिलाधिकारी ने नेमी पर वित्तीय अनियमितता करने, अस्पतालों से वसूली करने के गंभीर आरोप लगाते हुए सीएम को पत्र लिखा था। जिसको संज्ञान में लेकर कार्रवाई के साथ इनके खिलाफ विजिलेंस जांच भी शुरू हो गई। सीएमओ को महानिदेशालय लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है।

श्रावस्ती के एसीएमओ डॉ. उदय नाथ को कानपुर का नया सीएमओ बनाया गया है। वहीं, डॉ. हरिदत्त नेमी हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितू माहेश्वरी की ओर से बृहस्पितवार को निलंबन आदेश जारी किया गया। निलंबन आदेश जारी होते ही सीएमओ ने अपने कैंप कार्यालय से प्रेस वार्ता कर डीएम पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनसे पैसा चाहते थे, सिस्टम में आने की सलाह देते रहे। जब हम उनके सिस्टम में नहीं आए तो निलंबन की संस्तुति कर दी। उन्होंने कहा, 16 दिसंबर 2024 को कार्यभार ग्रहण करने के बाद से डीएम हर बैठक में उन्हें जाति सूचक शब्दों के जरिए उत्पीड़न करते रहे।

## तबादलों में भ्रष्टाचार: मायावती की मांग - ट्रांसफर में भ्रष्टाचार की विजिलेंस और एसआईटी से कराएं जांच

**लखनऊ , एजेंसी।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने मांग की है कि अलग-अलग विभागों के तबादले में हो रहे भ्रष्टाचार की विजिलेंस और एसआईटी का गठन कर जांच की जानी चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



उन्होंने सोशल साइट एक्स पर बयान जारी कर कहा कि देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह यूपी में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपों से घिरे तबादलों की अनवरत आम चर्चा होती है। ऐसी खबरों का मुख्यमंत्री को कड़ा संज्ञान लेकर ना सिर्फ भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेंस विभाग आदि को सक्रिय करना चाहिए बल्कि समयबद्ध एसआईटी का भी गठन करके व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना जन व देशहित में जरूरी है। सरकारी भ्रष्टाचार व अफसरों की द्वेषपूर्ण मनमानी पर यूपी सीएम जितना जल्द सख्त कदम उठाए उतना बेहतर है।

बता दें कि स्टांप एवं पंजीयन विभाग में हुए तबादलों में बड़े पैमाने पर पैसे के लेनदेन की शिकायत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ी कार्रवाई करते हुए महानिरीक्षक निबंधक (आईजी स्टांप) समीर वर्मा को हटाकर प्रतिक्षारत कर दिया है। साथ ही उनके द्वारा किए गए सभी 210 तबादलों को भी रद्द कर दिया है। मुख्यमंत्री ने यह कार्रवाई स्टांप एवं पंजीयन राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल की शिकायत पर की है। जायसवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आईजी स्टांप द्वारा किए गए तबादलों में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। सीएम ने मामले की जांच कराने के भी आदेश दिए हैं।

## नौकरी लगते ही छोड़ा पति: युवक विदेश में कमाता रहा... पत्नी के नाम खरीदी जमीन, वह किसी और के प्यार में छोड़ गई

**गोरखपुर , एजेंसी।** पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाने के लिए एक व्यक्ति कई वर्षों तक परिवार से दूर सऊदी अरब में कमाता रहा। वहां से रुपये भेजता था तो परिवार का खर्च और पत्नी पढ़ाई करती थी। कुछ रुपये बचाए तो पत्नी के नाम से ही जमीन खरीदी। अब एक विभाग में लिपिक बनने के बाद पत्नी को दूसरे व्यक्ति से प्यार हो गया है। वह पति को छोड़कर चली गई और जमीन भी बेच दी। आरोप है कि एक दिन सास-ससुर से मारपीट भी कर ली, जिसके बाद पति की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिपराइच क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पुलिस को पत्र देकर शिकायत की है। सीओ चौरीचौरा को इसकी जांच सौंपी गई है। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता था। पत्नी को पढ़ाता था कि उसकी सरकारी नौकरी लग जाए। इसके बाद वह अपने देश में आकर कुछ व्यापार कर लेगा। परिवार के खर्च के अलावा वह पत्नी की पढ़ाई के लिए भी रुपये भेजता था। उसका 14 वर्ष का एक बेटा भी है।

उसने बताया कि कुछ बचत कर उसने पत्नी के नाम पर जमीन भी खरीदी। कुछ समय पहले पत्नी एक सरकारी विभाग में लिपिक बन गई। इसी दौरान उसे दूसरे व्यक्ति से प्रेम हो गया। कुछ दिन बाद पति भी सऊदी अरब से वापस आ गया। घर में ही उसने एक किराने की दुकान खोल ली। आरोप है कि कुछ दिनों पहले पत्नी उसे छोड़कर चली गई। पत्नी ने खरीदी गई जमीन बेचकर रुपये अपने पास रख लिए। अब कोर्ट में भी उसने तलाक के लिए अर्जी दी है। यह भी आरोप लगाया कि एक दिन वह दुकान में आई और सास-ससुर से मारपीट की। पति ने कहा कि वह तलाक नहीं चाहता।

एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव के पास शिकायत आने पर उन्होंने सीओ चौरीचौरा को मामले की जांच सौंपी है। एसपी नॉर्थ ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**गोला में भी सामने आ चुका है मामला... नर्स बनने के बाद पति को छोड़ा:** गोला क्षेत्र का एक युवक 24 मई को पत्नी पर धोखा देने का आरोप लगाकर मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया था। उसने आरोप लगाया कि पत्नी उसे धोखा दे रही है। खेत बेच कर पत्नी को गोरखपुर से नर्सिंग कोर्स कराया। उसके बाद नीट की तैयारी कराई, रेलवे की परीक्षा भी दिलाई। जब रेलवे में भी सफलता नहीं मिली तो वह गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में नौकरी करने लगी। फिर वहीं पर किराए के मकान में रहने लगी। जबकि युवक घर से खाने-पीने का सामान गोरखपुर के क्वार्टर पर पहुंचाता रहा। युवक ने बताया कि एक सप्ताह पहले अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन करने गया था। वहां से देर रात गोरखपुर के क्वार्टर पर पहुंचा तो कमरे में बाहर से ताला लगा मिला। मकान मालिक से ताला खुलवाकर अंदर दाखिल हुआ तो पत्नी किसी अन्य युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में मिली। जब दोनों से सवाल-जवाब किया तो पकड़ा गया युवक वहां से भाग निकला। उसने पत्नी से इस बारे में पूछा तो उसने कुछ नहीं बताया।



## 2000 नवनियुक्त सिपाहियों के लिए ट्रेनिंग कोर्स शुरू, जानेंगे आचार संहिताज्सीखेंगे सैल्यूट करना

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में पुलिस महकमे के नए सिपाहियों को आचार संहिता का पाठ पढ़ाने के साथ ही सैल्यूट करना सिखाया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि ड्यूटी के दौरान उन्हें किस तरह से रहना है। पुलिस अधिकारियों के आने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होनी चाहिए।

यह जानकारी सिपाहियों को महीने भर के ज्वाइनिंग ट्रेनिंग कोर्स के दौरान दी जाएगी। ये कोर्स आज यानी 20 जून से पुलिस लाइन में शुरू होगा। इस दौरान रिक्रूट बिठूर क्षेत्र, पुलिस लाइन, ट्रैफिक पुलिस लाइन, बिल्हौर, आईटीबीपी सेंटर में रुकेंगे।

अन्य जिलों में लेंगे प्रशिक्षण

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था वीके सिंह ने बताया कि जेटीसी में कानपुर समेत अन्य जिलों के दो हजार सिपाही शामिल होंगे। इसके बाद नौ महीने का रिजर्व ट्रेनिंग कोर्स चलेगा। कोर्स में 600 सिपाही शामिल होंगे। बाकी के सिपाही अन्य जिलों में जाकर प्रशिक्षण लेंगे।

# कांजीवरम साड़ी में दिलकश तस्वीरें साझा कीं पूजा हेगड़े ने

**मुंबई:** इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने बैंगनी और सुनहरे रंग की कांजीव रम साड़ी में कुछ दिलकश तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री ने अपने पारंपरिक पहनावे के प्रति लगाव को खूबसूरती से जाहिर किया। एक्सट्रेस पूजा ने अपने पोस्ट में लिखा, "वन्स कांजीवरम गर्ल, ऑलवेज कांजीवरम गर्ल।" इस पोस्ट ने उनके फैंस का दिल जीत लिया और कमेंट बॉक्स में तारीफों की बाढ़ आ गई। किसी ने उन्हें बेहद खूबसूरत बताया तो किसी ने उनके साड़ी लुक को शानदार झलक कहा।

पूजा के इस पारंपरिक लुक की बात करें तो उन्होंने ड्रॉप इयररिंग्स, भारी चोकर, कांच की चूड़ियों और न्यूड लिपस्टिक के साथ बेहद सौम्य और सजीला लुक कैरी किया। उनके खुले, लंबे काले बालों ने इस ट्रेडिशनल अवतार को और निखारा। कांजीवरम साड़ियां पारंपरिक रूप से दक्षिण भारत की शिल्पकला की पहचान हैं, जो शुद्ध मलबरी रेशम से बनी होती हैं और अपनी भारी बुनावट व सुंदर ज़री वर्क के लिए जानी जाती हैं।

पूजा का यह अंदाज़ न सिर्फ उनकी स्टाइल पसंद को दर्शाता है, बल्कि उनके सांस्कृतिक जुड़ाव को भी सामने लाता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो पूजा हेगड़े जल्द ही डेविड धवन की अगली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी है जिसमें उनके साथ वरुण धवन मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म में मृणाल ठाकुर, मौनी रॉय, जिमी शेरगिल, मनीष पॉल, अली असगर और चंकी पांडे जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में हैं।



# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने आंदोलन की रूपरेखा तय की, 24 जून को भूख हड़ताल का आह्वान

तरुणमित्र।





**जौनपुर**। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले 20 जून 2025 को जिला महिला चिकित्सालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर राज्य कर्मचारियों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गहन चर्चा हुई और आगामी आंदोलनों की रणनीति तय की गई।

**बैठक के प्रमुख मुद्दे** : बैठक में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, संविदा कर्मचारियों के अधिकार, और अन्य कर्मचारी हितों से जुड़े मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। परिषद ने इन मांगों को राज्य और केंद्र सरकार तक पहुंचाने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाने का संकल्प लिया।

**भूख हड़ताल और सत्याग्रह की घोषणा** : बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 24 जून 2025 को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल और सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। यह आंदोलन कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा। परिषद ने इस आंदोलन को ऐतिहासिक और निर्णायक बनाने के लिए सभी घटक दलों और कर्मचारियों से एकजुट होकर भागीदारी करने की अपील की।

**बैठक में भाग लेने वाले पदाधिकारी** : बैठक में परिषद के महामंत्री सत्य प्रकाश मिश्रा, संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय सिंह, मयाशंकर मिश्रा, डॉ. अतहर समीम खान, भुवन चंद्र मिश्रा, डॉ. इंद्र भान मौर्य, सचिन कुमार सिंह, भावना वर्मा (नर्स संघ अध्यक्ष), आशा देवी, और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के प्रतिनिधि चंदन सिंह, सर्वेश पाल, और चित्रांशु शुक्ला समेत कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**एकजुटता और संकल्प का प्रदर्शन** : सभी उपस्थित सदस्यों ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए पूर्ण एकजुटता और संकल्प के साथ अपनी भूमिका निभाने का वादा किया। परिषद के अध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह सत्याग्रह कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन न केवल कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाने का माध्यम बनेगा, बल्कि उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने का रास्ता भी प्रशस्त करेगा।

**कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता** : परिषद ने कहा कि इस आंदोलन का उद्देश्य न केवल अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि कर्मचारियों को उनका हक और सम्मान मिले। पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर परिषद ने सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

**आंदोलन की तैयारी जोरों पर** : आंदोलन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए परिषद के सभी घटक दलों ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में शामिल हों और इसे ऐतिहासिक बनाएं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का यह प्रयास कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई में एक मजबूत संदेश देने का कार्य करेगा। 24 जून को होने वाला सत्याग्रह कर्मचारियों की एकजुटता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून

तरुणमित्र।

**जौनपुर** । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून 2025 निर्धारित की गई है। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रो. मिथिलेश सिंह ने जानकारी दी।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर** : कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और शोध कार्यों को बढ़ावा देना है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें ताकि कोई असुविधा न हो।

**कई संकायों में पाठ्यक्रम उपलब्ध** : विश्वविद्यालय परिसर में विज्ञान, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान, विधि, अभियांत्रिकी, फार्मेसी और व्यवसाय प्रबंधन सहित छह प्रमुख संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, रज्जू भैया संस्थान में भी विशेष शिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध हैं।




## अत्याधुनिक सुविधाएं

पूर्वांचल विश्वविद्यालय अपनी उन्नत सुविधाओं के लिए जाना जाता है। इसमें अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध केंद्रीय पुस्तकालय, वाई-फाई युक्त परिसर, इंडोर और आउटडोर स्टेडियम और छात्रावास सुविधाएं शामिल हैं। ये सभी सुविधाएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी करें और विश्वविद्यालय के सभी संसाधनों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहें।

**प्रवेश परीक्षा जुलाई में** : प्रवेश परीक्षा जुलाई के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। विस्तृत कार्यक्रम और प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। प्रो. सिंह ने बताया कि परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी समय पर पोर्टल पर साझा की जाएगी।

# इंडस्ट्री-एकेडमिया सहयोग पर संगोष्ठी का आयोजन

तरुणमित्र।

**जौनपुर** । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 21 जून 2025 को एक विशेष संगोष्ठी इंडस्ट्री एकेडमिया सहयोग रणनीति विषय पर आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक आर्यभट्ट सभागार, रज्जू भैया संस्थान में आयोजित होगा।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजीव कोठारी रणनीति एवं डिजिटल सलाहकार, पूर्व प्रमुख, तकनीकी-वाणिज्यिक, अडानी इंफ्रा इंडिया लिमिटेड रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. वंदना सिंह करेंगी। इस अवसर पर उद्योग और शिक्षाजगत के सहयोग से युवाओं के कौशल विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय और औद्योगिक संस्थानों के बीच साझेदारी को सुदृढ़ करना और छात्रों को उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करना है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. गिरिधर मिश्र ने बताया कि संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के शिक्षक, तथा समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य भी सहभागी होंगे।

# सफलता महिला प्रेरणा संकुल संघ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

तरुणमित्र।

**जौनपुर, चंदवक**। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शुक्रवार को मूर्खा कार्यालय परिसर में सफलता महिला प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं और वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

डोभी ब्लॉक मिशन मैनेजर अनिल यादव ने समूह की महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि किसी को भी अपने बैंक पासवर्ड, पिन, ओटीपी या अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। साथ ही, उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश के लाभ विस्तार से बताए।

**महिलाओं को प्रोत्साहन और सम्मान** : अच्छे कार्य करने वाले समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। डोभी ब्लॉक के सहायक खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं को समूह की सखियों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने महिलाओं को नई योजनाओं में भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

**कार्यक्रम में विशेष अतिथि** : इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी राजेश यादव, डोभी ब्लॉक मिशन मैनेजर एकलाक अहमद, जेई अनिल सिंह, ग्राम प्रधान विनय सिंह, भाजपा नेता रामदयाल सिंह, और मुर्खा महर्षि पतंजलि बालिका जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक सुभाष चंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डोभी ब्लॉक मिशन मैनेजर गोपाल यादव ने किया।

### समापन संदेश

यह वार्षिक अधिवेशन न केवल महिलाओं को जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम बना, बल्कि उनके कार्यों को सराहने और उन्हें प्रोत्साहित करने का भी एक अवसर साबित हुआ।

# घायल युवक की मौत मामले में दो गिरफ्तार

**सुल्तानपुर** । दोस्तपुर थानाक्षेत्र में बकरी चराते समय हुई मारपीट में घायल इब्राहिम अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों ने आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने तक अंतिम संस्कार से इंकार किया था। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने परिजनों को अवगत कराया कि दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा रहा है, तब परिजन माने। दोस्तपुर के गोसैसिंहपुर गांव में एक बाग में दानूपट्टी निवासी आरोपी आशाराम और सौरभ दुर्गाप्रसाद आम के पेड़ पर चढ़े हुए थे। गोसैसिंहपुर निवासी इब्राहिम ने उन्हें गिराने की चेतावनी दी। इस बात से नाराज होकर दोनों ने उतरकर लात-घूंसों और डंडों से इब्राहिम की पिटाई कर दी।

# घरेलू सेवाओं में युवाओं को दक्ष बनाएगा 'हुनर हाथ' प्रोजेक्ट



तरुणमित्र।

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक और नवाचारी पहल करते हुए युवाओं को घरेलू सेवाओं के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत पांच जिलों में की जाएगी, जिसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है। 'हुनर हाथ' योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को खाना बनाना, घर की सफाई, देखभाल, घरेलू उपकरणों का रखरखाव जैसी सेवाओं में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण आवासीय एवं अनावासीय दोनों रूपों में होगा। इसके अंतर्गत सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण संस्थानों की साझेदारी से योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। युवाओं को एक डिजिटल पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जहां से आम नागरिक उनकी सेवाएं ले सकेंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि 'हुनर हाथ' के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# पीली नदी के जीर्णोद्धार कार्य का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

तरुणमित्र।

**जौनपुर** : जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र के द्वारा पीली नदी के जीर्णोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति के संबंध में जानकारी ली गई।निरीक्षण के दौरान अपेक्षा के अनुरूप कार्य तीव्र गति से होते हुए पाया गया, जिस पर उन्होंने इस कार्य में लगे उप जिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, खंड विकास अधिकारी बदलापुर, ग्राम प्रधान, श्रमिक व अन्य की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा निर्देश दिये गये है कि जनपद में पर्यावरण और जल संवर्धन के कार्य किये जाये, जिसके क्रम में पीली नदी को चिन्हित करते हुए जीर्णोद्धार का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और इसके साथ ही नदी के किनारे लगभग 1000 पौधे रोपित करने की भी तैयारी कर ली गई है। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और मा0 विधायक बदलापुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण के कुशल निर्देशन में ग्राम प्रधानगण, सिंचाई विभाग के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी के समन्वय से पीली नदी के जीर्णोद्धार के समस्त कार्य को श्रम के आधार पर तेजी से किया जा रहा है। नदी का स्वरूप जहां पर खत्म हो गया था उस पॉइंट को चिन्हित करते हुए ठीक करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक जल संचय हो सके। इस कार्य में 08 पोकलेन मशीन लगातार कार्य कर रही है और अधिक संसाधन बढ़ाने के भी प्रयास किया जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे सभी लोगो का हृदय से आभार व्यक्त किया ।इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा ग्राम देवरिया, नुरूददीनपुर में स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए शासन के विभिन्न योजनाओं के सन्दर्भ में जानकारी देते हुए इच्छुक लोगों को बकरी पालन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये गए, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह , अधिशासी अभियंता सिंचाई, ग्राम प्रधानगण सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।



# मोहम्मद अरशद बने राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मीडिया प्रभारी

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद, जिला इकाई जौनपुर में नई नियुक्ति

तरुणमित्र।



**जौनपुर**। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (पंजीकृत), जिला इकाई जौनपुर द्वारा संगठन को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने के उद्देश्य से तेजतर्रार, निडर और निष्पक्ष पत्रकार मोहम्मद अरशद को मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। मोहम्मद अरशद खेतासराय क्षेत्र के मूल निवासी हैं और वर्तमान में हिंदी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में संवाददाता के रूप में कार्यरत हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष तामीर हसन "शीबू" ने बताया कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्र के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मोहम्मद अरशद संगठन की गरिमा, उद्देश्य और सिद्धांतों को प्राथमिकता देते हुए निष्ठा और ईमानदारी से पत्रकार हित में कार्य करेंगे तथा संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी शशिकांत मौर्य सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी नवनियुक्त मीडिया प्रभारी मोहम्मद अरशद को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शाही किले के सामने सड़क धंसी : बरसात से पहले ही "विकास" की तलाश

तरुणमित्र।

**जौनपुर**। ऐतिहासिक शाही किला, जो जौनपुर के गौरव और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, उसके सामने की सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क पर बना बड़ा गड्ढा और धंसी हुई जमीन न सिर्फ प्रशासन की लापरवाही उजागर कर रही है, बल्कि जौनपुर की छवि को भी धूमिल कर रही है।

एक युवक के "विकास खोजो अभियान" ने इस स्थिति को व्यंग्यात्मक रूप से सामने लाया। गड्ढे में उतरकर युवक ने इस खराब सड़क को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे पूरे शहर में चर्चा का माहौल गर्म हो गया। राहगीरों ने इसे हास्य का विषय तो बनाया, लेकिन भीतर ही भीतर व्यवस्था पर सवाल भी उठाए।

यही नहीं, पास ही स्थित अंबर होटल के सामने की सड़क भी धंस चुकी है। एक स्थानीय व्यक्ति ने इस धंसी हुई सड़क में पौधा रोपकर अधिकारियों को अनोखे अंदाज में संदेश दिया।

**निवासियों का आक्रोश** : स्थानीय निवासी अर्जुन सिंह ने इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जताते हुए कहा, "इतिहास और संस्कृति का प्रतीक यह शहर अब बदहाल सड़कों का पर्याय बन गया है। यहां की मुख्य सड़कें किसी ग्रामीण पगडंडी से भी बदतर हैं।" शहर के अन्य निवासियों का कहना है कि नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी विभाग को बार-बार सूचित करने के बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। बरसात से पहले सड़कों की मरम्मत की उम्मीद थी, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।



**युवाओं की व्यंग्यात्मक प्रतिक्रिया** : युवाओं ने इस बदहाली को व्यंग्य और सोशल मीडिया के माध्यम से उजागर करना शुरू कर दिया है। शाही किले के सामने "विकास खोजो अभियान" और सड़क में पौधा लगाने जैसे प्रयास प्रशासन को आईना दिखाने की कोशिश हैं।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल** : शाही किला जैसे ऐतिहासिक स्थल के सामने की यह स्थिति न सिर्फ स्थानीय नागरिकों बल्कि पर्यटकों को भी निराश करती है। नागरिकों की मांग है कि प्रशासन प्रमुख सड़कों की मरम्मत और पर्यटन स्थलों के आस-पास विशेष ध्यान देने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करे। अब देखना यह है कि स्थानीय प्रशासन इस गड्ढे में छुपे "विकास" को कब तक खोज पाता है।

# 62 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, गांव में शोक की लहर

तरुणमित्र।

**चंदवक, जौनपुर**। थाना क्षेत्र के हीरापुर मचहटी गांव में 62 वर्षीय बुजुर्ग सुदामा राम द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की दुखद घटना सामने आई है। मृतक, जो बजई राम के पुत्र थे, अपने घर में फंदे से लटके पाए गए। इस हृदयविदारक घटना से परिवार और पूरे गांव में मातम छा गया है। परिजनों का कहना है कि सुदामा राम की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। वह चुपचाप रहते थे और किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करते थे। मृतक की बेटी पूनम राम और दामाद संजय राम ने बताया कि उनके व्यवहार में उदासी जरूर थी, लेकिन उन्होंने कभी ऐसा कदम उठाने की आशंका नहीं जताई थी। घटना की जानकारी मिलते ही चंदवक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार,



पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के पीछे के सही कारणों का पता चल सकेगा। गांव के लोगों ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को परिवार की आर्थिक सहायता के लिए कदम उठाने चाहिए। इस हादसे से परिवार पर गहरा आघात पहुंचा है। यह घटना मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता की आवश्यकता को रेखांकित करती है। मानसिक तनाव से जूझ रहे लोगों को समय पर सहायता और समर्थन मिलना बेहद जरूरी है। अंतिम निर्णय पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्ष के बाद ही लिया जाएगा।

# अगले कुछ दिनों में जुर्माना माफ का निर्णय घोषित करने के आयुक्त को निर्देश

तरुणमित्र/ब्यूरो



**पनवेल।** पूर्व नगरसेविका लीना गरड द्वारा उपमुख्यमंत्री तथा नगरविकास मंत्री एकनाथ शिंदे के माध्यम से सांसद श्रीरंग बारणे की अगुआई में नगरविकास विभाग के प्रमुख सचिव गोविंदराज से 21 मई को शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद 28 मई को बैठक बुलाई गई थी। हालांकि किसी कारणवश बैठक स्थगित हो गई. लेकिन लीना गरड के निवेदन तथा लगातार फॉलोअप के कारण उक्त बैठक मंत्रालय में गुरुवार शाम संपन्न हुई. इस बैठक में पूर्व नगरसेविका लीना गरड व अर्जुन गरड समेत संसद श्रीरंग बारणे, विधायक प्रशांत ठाकूर, शिवसेना महानगरप्रमुख प्रथमेश सोमन व शिवसेना जिल्हाप्रमुख रामदास शेवाले समेत मनपा द्वारा आयुक्त मंगेश चितले, अतिरिक्त आयुक्त गणेश शेटे एंव अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उक्त बैठक में सिडको कॉलोनी के 2.5 लाख संपत्ति मालिकों की ओर से लीना गरड और अर्जुन गरड ने मनपा आयुक्त और उनके पक्ष में कई मुद्दों को समक्ष प्रस्तुत किए. गरड ने कहा कि सिडको बस्तियों में 2.5 लाख संपत्ति मालिकों को सेवाएं प्रदान कर सिडको में सेवा शुल्क वशूल की है. लेकिन मनपा ने 1 अक्टूबर 2016 से 31 अक्टूबर 2022 तक कोई भी सेवा प्रदान किए बिना या एक भी रुपया खर्च किए बिना दोहरा कर लगाया है. उन्होंने बताया कि धारा 129 ए के तहत लगभग 65 प्रतिशत संपत्ति कर छूट का जो लाभ गांव की सीमा के भीतर 31 हजार संपत्तियों को दिया गया था, वह कानून में कोई प्रावधान न होने के बावजूद सिडको बस्तियों में 2.5 लाख संपत्ति मालिकों को नहीं दिया गया. प्रधान सचिव ने इस मामले को गंभीरता से लिया. 500 वर्ग फीट के घरों के लिए संपत्ति कर छूट का मुद्दा राज्य सरकार के अधीन है. दंड छूट के संबंध में प्रमुख सचिव ने मनपा आयुक्त को तत्काल निर्णय घोषित करने के निर्देश दिए. सांसद श्रीरंग बारणे ने दंड छूट प्रक्रिया के कार्यान्वयन के संबंध में पिंपरी चिंचवड़ मनपा की पद्धति का पालन करने का सुझाव दिया।

### जुलाई के पहले सप्ताह में फिर होगी बैठक

सिडको संपदा में 2.5 लाख संपत्ति मालिकों के लिए धारा 129 ए के तहत दोहरे कर और 65% संपत्ति कर रियायत के मुद्दे की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, प्रधान सचिव ने मनपा प्रशासन को इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने और जुलाई के पहले सप्ताह में अगली बैठक आयोजित करने का निर्देश दिए है। संपत्ति कर की लड़ाई में कॉलोनी फोरम की पहली सफलता केवल और केवल कॉलोनी फोरम की संपत्ति कर के खिलाफ चार-पांच साल की लड़ाई में पहली सफलता हमें पेनाल्टी माफी, डबल टैक्स और धारा 129 ए के तहत 65 प्रतिशत संपत्ति कर छूट के रूप में मिली है, हम सफल होने तक लड़ाई जारी रखेंगे और जीतेंगे. इसलिए संपत्ति मालिक घबराएं नही ऐसा गरड ने कहा है।

# भिवंडी-वाडा महामार्ग की बदहाली, खस्ताहाल सड़क बनी जानलेवा

### अब तक 500 से अधिक लोगों की गई जान

तरुणमित्र / अनिल वर्मा



**भिवंडी** : भिवंडी-वाडा महामार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह गड्ढों के कारण इस मार्ग पर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ दैनिक यात्रियों और विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस महामार्ग पर वर्ष 2009 से सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) की ओर से करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। इसके बावजूद सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण लोग अपनी जान हथेली पर रखकर सफर कर रहे हैं। विभाग द्वारा लगातार इस मुद्दे की अनदेखी की जा रही है। अब तक इस मार्ग पर विभिन्न हादसों में 500 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। भिवंडी-वाडा-मनोर यह महामार्ग कुल 64 किलोमीटर लंबा है। शुरुआत में सुप्रीम इन्फ्रा कंपनी द्वारा 2009 में इस मार्ग पर 392.46 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। बाद में 2019 में यह मार्ग सुप्रीम इन्फ्रा से लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग को सौंपा गया। तब से अब तक इस मार्ग की मरम्मत के लिए चरणबद्ध तरीके से 370 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, फिर भी सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। सरकार ने हाल ही में इस मार्ग की मरम्मत के लिए फिर से 70 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं और यह ठेका जिजाऊ कंस्ट्रक्शन और मयूर कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। इसके अलावा करीब 1100 करोड़ रुपये की लागत से भिवंडी-वाडा-मनोर मार्ग के कांक्रीटीकरण के लिए मंजूरी दी गई है। यह ठेका ईगल इन्फ्रा प्रा.लि. कंपनी को दिया गया है, और 15 अक्टूबर 2024 से 13 अक्टूबर 2026 तक के लिए कार्यकाल निर्धारित किया गया है। शुक्रवार सुबह इस मार्ग पर कोयला ले जा रहा एक ट्रक पलट गया, जिससे पूरे मार्ग पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। इस कारण विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने और कर्मचारियों को काम पर जाने में देरी हुई। इस बीच श्रमजीवी संगठन के प्रवक्ता प्रमोद पवार ने आरोप लगाया है कि जिजाऊ कंस्ट्रक्शन कंपनी के निलेश सांबरे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी में शामिल हो गए हैं, इसलिए उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इसी वजह से उनके भ्रष्टाचार की कोई जांच नहीं हो रही और न ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है।

# सहायक आयुक्त कल्पिता पिंपले पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को सात साल की कठोर कारावास

तरुणमित्र / सारा पुरी



**ठाणेः** ठाणे महानगरपालिका की तत्कालीन सहायक आयुक्त कल्पिता पिंपले पर चाकू से जानलेवा हमला करने और उनकी उंगलियां काटने वाले आरोपी अमरजीत सिंह यादव को ठाणे कोर्ट ने शुक्रवार को 7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक शिशिर हीरे ने बताया कि आरोपी आगे की सजा के लिए हाईकोर्ट में अपील करेंगे। पिंपले 30 अगस्त 2021 को कोविड काल में अनाधिकृत फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए टीम के साथ कासरवडावली के बाजार क्षेत्र में गए थे। उस समय फेरीवाले यादव ने पिंपले और उनके अंगरक्षक सोमनाथ पलावे पर चाकू से जानलेवा हमला किया। इसमें पिंपले की 3 उंगलियां और पलावे की एक उंगली कट गई। पिंपले की उंगलियां टूट गईं और वह जमीन पर गिर गया। उसके सर पर भी चोटे आई थी। यादव के खिलाफ कासरवडावली पुलिस थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले की सुनवाई 20 जून 2025 को रोजी ठाणे के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आशुतोष भागवत की अदालत में हुई। हालांकि पिंपल पर चोटें जानलेवा नहीं थीं, लेकिन आरोपी की मंशा जानलेवा थी। हालांकि हमला संवेदनशील स्थल पर नहीं था, लेकिन सिर्फ संवेदनशील जगह पर हमला नहीं था इसलिए बच गया क्योंकि यह हाथ पर लगा। इसके अलावा, यह अदालत के ध्यान में लाया गया कि हमलावर बार-बार हमला कर रहा था, ऐसा एडवोकेट ने कहा। एडवोकेट हीरे ने बताया कि हमलावर बार-बार हमला कर रहा था, जिसे अदालत के संज्ञान में लाया गया। अंगरक्षक पलावे पर भी हमला किया गया था। इस हमले से पिंपल को बचाने के बाद भी आरोपी उसे परेशान कर रहा था। सभी सबूतों के आधार पर उसे हत्या के प्रयास की धारा के तहत 7 साल सश्रम कारावास, सरकारी कर्मचारी पर हमला करने की धारा के तहत 3 साल सश्रम कारावास, धारा 337 के तहत 2 साल सश्रम कारावास और आर्म्स एक्ट के तहत 2 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। विशेष सरकारी वकील हीरे के साथ विजय मुंडे और संजय कोकणे ने भी आरोपी की सजा के लिए जोरदार दलीलें दीं। जबकि आरोपी की ओर से एडवोकेट आशीष पांडे ने दलीलें दीं। अदालत में यह साबित हुआ कि हमलावर ने जानलेवा हमला करके हत्या का प्रयास किया था। इसीलिए उसे 7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। चूंकि यह सजा अभी भी कम है, इसलिए आरोपी अधिक सजा के लिए उच्च न्यायालय में अपील करेगा। सरकारी कर्मचारी पर हमले के लिए ठाणे में यह पहली सजा है।-एडवोकेट शिशिर हीरे, विशेष सरकारी वकील, ठाणे।

# भिवंडी शहर की पहचान खेल के माध्यम बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा, आयुक्त अनमोल सागर

तरुणमित्र / ब्यूरो



**भिवंडी** : "खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यदि इसे व्यावसायिक लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ाया जाए, तो इसमें कई अवसर मिल सकते हैं। भिवंडी शहर की पहचान खेल के माध्यम से बने, इसके लिए अच्छे खिलाड़ियों का आगे आना जरूरी है," ऐसा मत व्यक्त करते हुए भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका के आयुक्त अनमोल सागर ने आश्वासन दिया कि पालिका की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। आयुक्त सागर महानगरपालिका द्वारा जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्राविण्य प्राप्त खिलाड़ियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मार्गदर्शक के रूप में आहार विशेषज्ञ डॉ. धनंजय मोरे, खेल मनोचिकित्सक डॉ. राधिका धारप, खेल फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. शरयू एस, और राष्ट्रीय एथलेटिक्स संघ के प्रशिक्षक सुशील इनामदार ने उपस्थित खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दिया। शिविर का पहला सत्र शहर अभियंता जमील पटेल के शुभहस्ते प्रारंभ हुआ। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शहर के विभिन्न स्कूलों के जिला, राज्य और राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में प्राविण्य प्राप्त छात्र खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में सहभाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों ने योगा का सजीव प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त अनमोल सागर के हाथों राज्य व राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। इस सफल आयोजन के पीछे क्रीड़ा विभाग प्रमुख मिलिंद पलसुले और क्रीड़ा अधिकारी शरद कलावंत की विशेष मेहनत रही।

# जनसेवक का जनसंवाद" नागरिकों के अधिकारों की यह एक पहल हैः विधायक संजय केलकर

तरुणमित्र / ब्यूरो



**ठाणे।** विधायक संजय केलकर की "जनसेवक का जनसंवाद" पहल ठाणे तक सीमित नहीं है बल्कि मुलुंड, घाटकोपर, दादर, बदलापुर, दिवा, डोंबिवली, कल्याण, पनवेल, खोपोली तक पहुंच गई है। यह पहल नागरिकों की समस्याओं का समाधान करती है, इसलिए बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं, कठिनाइयों और शिकायतों को लेकर हर सोमवार और शुक्रवार को विधायक संजय केलकर से मिलने आ रहे हैं। इसी पहल के तहत शुक्रवार को सैकड़ों नागरिकों ने विधायक केलकर के समक्ष अपनी शिकायतें रखीं। परांजपे योजना में ठगे गए सदस्यों ने विधायक केलकर से मुलाकात की और आधार कार्ड, स्कूल में प्रवेश, फीस में कमी, राशन कार्ड की समस्या, अनुबंध रजिस्टर पंजीकरण, कार्यस्थल पर पदोन्नति की समस्या, ठगी शिकार हुए जैसे अनेक लोगों ने विधायक केलकर से मुलाकात की। इनमें से अनेक मुद्दों को विधायक केलकर ने संबंधित अधिकारियों से बात करके हल किया।उन्होंने बताया कि यह नागरिकों का अधिकार है। नागरिकों की संतुष्टि मेरे लिए खुशी का क्षण है। हम उनकी शिकायतों को हल करने का पूरा प्रयास करते हैं। मेरे पास आने वाली शिकायतों में डेवलपर्स द्वारा धोखाधड़ी की कई शिकायतें हैं। अभी भी लगातार आ रहीं हैं। यह मामला बहुत गंभीर है। अगर उस विभाग के संबंधित अधिकारी समय रहते ध्यान दें तो नागरिकों के साथ धोखा नहीं होगा। हम लोग ठगे गए नागरिकों और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक केलकर ने कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता, वे लड़ाई जारी रखेंगे। खोपट स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित इस जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व उपमहापौर सुभाष काले, पूर्व नगरसेवक मनोहर डुंबरे, रमेश अंबरे, महेश कदम, ओंकार चव्हाण तथा मेघनाथ घरत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उरण में चोरों का बढ़ा उत्पात, 7 गाड़ी की 18 टायर चोरी

तरुणमित्र/ब्यूरो

**नवी मुंबई।** पार्किंग में पार्क 7 गाड़ियों का 18 टायर चोरी होने का मामला उरण से सामने आया है. इस संबंध में उरण पुलिस ने अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरो की तलाश सुरु की है। एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के सुपरवाइजर ने पुलिस को दि शिकायत में बताए है कि उनकी कंपनी की 10 से 15 ट्रैलर गाड़ी वंही उरण के धुतुम में स्थित दत्तू ठाकुर की पार्किंग में खड़ी रहती है. मंगलवार को कंपनी की एक गाड़ी के ड्राइवर ने फोन कर बताया कि जो ट्रैलर वह चलाता है उसका स्टेपनी और चक्का गायब है. जिसके कारण जब वह आकर जांच किये तो 7 गाड़ियों का 18 टायर लापता मिला.जिसके बाद सीसीटीवी कैमरों की जांच कर पुलिस से शिकायत दर्ज कराएं है।



# ठाणे कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रांत चव्हाण की मांग अवैध निर्माण के लिए दोषी अधिकारियों पर लगे मोक्का



तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणे** : ठाणे कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने मुंब्रा-शील इलाके में अनधिकृत इमारतों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार किया जा रहा है। और क्या शहर में अन्य अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए फिर से कोर्ट के आदेश की जरूरत होगी। ऐसा सवाल मनपा आयुक्त सौरभ राव को मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछा। उन्होंने अनधिकृत निर्माण के लिए दोषी अधिकारियों पर मोक्का लगाने की मांग की है। उन्होंने कोरोना काल में अनधिकृत निर्माण के लिए जिस अधिकारी की जांच की जा रही थी, उसे येऊर के ग्रीन जोन में अवैध अनुमति देने के लिए पदोन्नत करने का भी आरोप लगाया। उसे पूरे अतिक्रमण विभाग का प्रभार दिया गया। मांग की कि अधिकारी का तबादला किया जाए और अपराध जांच विभाग से जांच कराई जाए और 2015 से अतिक्रमण विभाग में जो अधिकारी थे उनकी भी जांच की जाए। चव्हाण ने दावा किया कि दिवा क्षेत्र के प्रभाग 27, 28, 29 में 300 से अधिक अनधिकृत निर्माण कार्य चल रहे हैं। कहा की कि ऐसी इमारतों के बिजली और पानी के कनेक्शन काटे जाएं और मोक्का के तहत दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### अगर यही स्थिति रही तो ठाणे में अराजकता फैल जाएगी

# हाईकोर्ट ने अवैध निर्माण को लेकर ठाणे महानगर पालिका को फिर फटकार लगाई

तरुणमित्र / युसुफ पुरी

**मुंब्रा।** ठाणे में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने में निष्क्रियता के लिए हाईकोर्ट ने गुरुवार को एक बार फिर ठाणे महानगर पालिका को फटकार लगाई। अवैध निर्माण आपकी आंखों के सामने खड़े हैं और महानगर पालिका द्वारा उन्हें नोटिस जारी करने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।अगर यही स्थिति रही तो ठाणे में अराजकता फैल जाएगी, कोर्ट ने ठाणे महानगर पालिका को फटकार लगाई। यह मामला सिर्फ अवैध निर्माण का ही नहीं है, बल्कि महानगर पालिका के अधिकारियों और भू-माफियाओं का भी है जो कानून के डर के बिना अवैध निर्माण में शामिल हैं। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डॉक्टर की बेंच ने यह भी टिप्पणी की कि इतने बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण सरकारी तंत्र के आशीर्वाद के बिना नहीं हो सकता। एक अन्य भूस्वामी द्वारा यह आरोप लगाने के बाद कि एक भवन निर्माता ने भी उसकी जमीन पर कब्जा कर उस पर अवैध इमारतें बनाई हैं, बेंच ने फिर से ठाणे महानगर पालिका के कार्रवाई के प्रति उदासीन और निष्क्रिय रुख का संज्ञान लिया। याचिकाकर्ता ने भूमि हड़पने और वहां अवैध इमारतें खड़ी करने में शामिल कुछ माहनगर पालिका अधिकारियों के नाम भी बताने में अपनी तत्परता दिखाई। इसका न्यायालय ने संज्ञान लिया। साथ ही, ठाणे के प्रधान जिला न्यायाधीश ने अवैध निर्माण मामले की न्यायिक जांच के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा नामित महानगर पालिका अधिकारियों की भूमिका की जांच के आदेश दिए। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता के आरोप सत्य पाए जाने पर संबंधित महानगर पालिका अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, पिछली सुनवाई के दौरान महानगर पालिका ने न्यायालय को बताया कि न्यायालय द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद उसने अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाया था। इस अभियान के तहत 10 इमारतों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। 2 अन्य इमारतों का 80 प्रतिशत हिस्सा ध्वस्त कर दिया गया है और 5 और इमारतों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया चल रही है, यह भी महानगर पालिका ने न्यायालय को बताया। इस विशेष अभियान के दौरान सबसे पहले हरित क्षेत्रों और अविकसित क्षेत्रों में अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष कुंभकोनी और अधिवक्ता मंदार लियामे ने न्यायालय को बताया कि इस अभियान की निगरानी के लिए सहायक आयुक्त के नेतृत्व में 9 विभागों में से प्रत्येक के लिए एक टीम बनाई गई है। वहीं न्यायिक अधिकारी दिलीप तालेकर ने अपनी साइट निरीक्षण रिपोर्ट पेश करते हुए न्यायालय को बताया कि अवैध इमारतों की संख्या 17 नहीं बल्कि 21 है। न्यायालय ने अदालत ने अवैध निर्माणों को बढ़ाने में राजनेताओं की भूमिका की ओर भी इशारा किया। नागरिक यहां नौकरी की तलाश में आते हैं और उपलब्ध जमीनों पर अतिक्रमण करते हैं। वैध मतदाता वोट नहीं देते हैं। इसलिए, अवैध निर्माण की समस्या और भी विकट हो गई है, न्यायालय ने कहा। वैध मतदाता वोट नहीं देते हैं। इसके विपरीत, अवैध निर्माण करने वाले वोट देते हैं। न्यायालय ने आलोचना की कि सरकार को बाद में इन नागरिकों के पुनर्वास के लिए नीति बनानी चाहिए। वरिष्ठ नागरिक सुभद्रा टाकले ने एक याचिका दायर की थी जिसमें दावा किया गया था कि उनकी जमीन हड़प कर वहां अवैध इमारतें बनाई गई हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने पिछली सुनवाई के दौरान ठाणे महानगर पालिका की निष्क्रियता की आलोचना की थी। साथ ही, अगर महानगर पालिका अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ है तो एक स्वतंत्र तंत्र स्थापित करने का आदेश दिया। इसी तरह, ठाणे सत्र न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को मामले की न्यायिक जांच करने का आदेश दिया। साथ ही, मनपा आयुक्त को यह भी स्पष्ट किया गया कि तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान जाति मौजूद होनी चाहिए। साथ ही, न्यायालय ने न्यायिक अधिकारियों को इस कार्रवाई और कार्रवाई के बाद साइट निरीक्षण पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।



# 6 सड़क दुर्घटना, 7 घायल, 1 की मौत

तरुणमित्र/ब्यूरो

**नवी मुंबई।** लापरवाह वाहन चालकों की रफ्तार पर नियंत्रण न होने से दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है. जिसके कारण अनेको दुपहिया वाहन चालकों को अपनी जान गवानी पड़ी है. इसी में मर्सडीज कार की ठोकर से एक महिला की मृत्यु हो गई, जबकि एक कार चालक एक व्यक्ति को ठोकर मार फरार हो गया. इस संबंध खारघर एंव खांदेश्वर पुलिस ने मामला दर्ज की है. इस तरह 2 दिन में 6 दुर्घटनाओं में 7 लोग घायल जबकि 1 महिला को अपनी जान गवानी पड़ी है. लेकिन ट्रैफिक पुलिस अंदरूनी सड़को पर दुपहिया चालकों पर कार्यवाई करने में व्यस्त होते देखी जा रही है। पनवेल के देवद के रहनेवाले गोपाल यादव अपनी पत्नी के साथ बुधवार शाम घाटकोपर से निकले थे. इस दौरान जब रात 8:45 के करीब खारघर के हिरानन्दानी ब्रिज पार ही किये थे कि पीछे से आई मर्सडीज कार ने उनके गाड़ी को ज़ोरदार पिछे से ठोकर मारी. जिसके कारण पती पत्नी गाड़ी से गिर गए.जिसके बाद चश्मदीदों ने पति पत्नी को अस्पताल ले गए. लेकिन डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित किये.इसी तरह सुकापुर के रहनेवाले एक ड्राइवर की मोटरसाइकिल को कार चालक ठोकर मार फरार हो गया. इसके अलावा सड़क पार कर रहे वृद्ध डंफर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुएं। बड़े वाहनों को छोड़ दुपहिया चालक टारगेट में शायन-पनवेल मार्ग, ठाणे बेलापुर रोड, उरण फाटा- उरण मार्ग समेत पनवेल उरण मार्ग पर बड़े वाहन चालकों द्वारा नागरिको की जान से खिलवाड़ करते देखा जाता है. लेकिन अनेको शिकायतों के बाद हाल ही में ट्रैफिक पुलिस ने कार्यवाई के लिए विशेष अभियान चलाई थी.लेकिन अभियान समाप्त होते ही स्थिति जस की तस है.

स्वामी-स्व. कैलाशनाथ प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक स्वतंत्र कुमार द्वारा नवभारत प्रेस लिमिटेड, नवभारत भवन प्लाट नंबर-13 सेक्टर 8 सानपाडा (पूर्व) नवी मुंबई : 470709 से मुद्रित एवं पत्रकार सदन लोकमान्य नगर नं. 4 ठाणे- 400606 महाराष्ट्र से प्रकाशित।
RNI No. MAHHIN/2008/27046 संपादक- स्वतंत्र कुमार सिटी कार्यालय- गाला नं. 61 दादोजी कोंडदेव स्टेडियम खारटन रोड, ठाणे(वेस्ट) महाराष्ट्र, मोबा: 09415287970, 7400223777, 9892789606,
ईमेल tarun.thana@gmail.com, www.tarunmitra.in * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं उत्पन्न समस्त विवाद ठाणे न्यायालय के अधीन होंगे।